दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 16 नवम्बर -2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 328 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










# क्या आयेंगे यूपी में बिहार चुनाव के साईड इफैक्ट

## भाजपा की तैयारियों के सामने विपक्ष कैसे करेगा रिएक्ट




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बिहार विधानसभा चुनाव हो गये और एक बार फिर वहां नीतिश कुमार के सुशासन मॉडल को जनता ने पसंद किया है। बिहार में एक बार फिर मोदी मैजिक चला है और सबसे बड़ी बात ये है कि बिहार ने जहां लालू यादव के दोनों बेटों की सियासी पारी को सपोर्ट नहीं किया है। वहीं चिराग पासवान को एक बड़ी सफलता मिली। ऐसे में अब ये सवाल उठ रहा है कि जब उत्तर प्रदेश के चुनावी रण में एक साल बचा है तो बिहार के नतीजों के क्या इफैक्ट यूपी में आयें। यहां अगर समीकरण की दृष्टि से देखें तो बिहार में ओबीसी फैक्टर पर विपक्ष को निराशा हाथ लगी है और दलित कार्ड की बात करें तो यहां चिराग पासवान सफल रहे हैं। मुस्लिम वोटर बहुत ज्यादा कमाल नहीं दिखा पायें हैं।

यही सीन यूपी में भी बनेगा और यहां भी ओबीसी वोट किधर जायेगा ये एक बात है। यूपी की सियासत में यादव चेहरों की बात करें तो अखिलेश यादव एक बड़ा चेहरा बनकर उभरे हैं। यहां दलित राजनीति की बात करें तो आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र शेखर को कितना सपोर्ट मिलेगा। बिहार और यूपी लगभग संस्कृति, खान पान में एक माने जाते हैं और अब तो जिस तरह से एक बड़ी आबादी बिहार से रोजगार के लिए यूपी में आई है। उससे ये कहा जा सकता है कि रोजगार के लिए यूपी में आबाद हुई ये आबादी सरकार बनाने में एक अहम भूमिका निभाने की एक ताकत रखती है। बिहार के बाद अब समाजवादी पार्टी के नेता ये कहा रहे हैं कि वो बिहार को यूपी में रिपीट नहीं होने देंगे। लेकिन बड़ा सवाल ये है कि कैसे रिपीट नहीं होने देंगे, क्या रणनीति रहेगी। भाजपा यहां जब हिंदुत्व का कार्ड खेलेगी तो उनके पास सबसे बड़ा चेहरा योगी आदित्यनाथ का रहेगा। इस चेहरे की काट के लिए विपक्ष किसे मैदान में लायेगी। चुनावी दृष्टि से देखें तो अब ज्यादा समय बचा नहीं है। भाजपा के कार्यकर्ता एसआईआर के माध्यम से जनता के बीच आ गये हैं। उनके विधायक से लेकर सांसद और बड़े पदाधिकारी बीएलओ के साथ कदमताल कर रहे हैं और यहां विपक्ष के नेता कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं।



### बिहार और पूर्वांचल की सियासी धमक है गाजियाबाद में


**करंट क्राइम।** आबादी एक ऐसा गणित है जो चुनाव को सीधे प्रभावित करता है। आबादी एक फैक्टर है और दिल्ली से सटा गाजियाबाद इसका बड़ा उदाहरण है। पिछले तीन दशकों में एक बड़ी आबादी बिहार और पूर्वांचल से यहां आई है। ये आबादी अब मतदाता है और सीधे सीधे चुनावी समीकरण को प्रभावित करने की क्षमता लिए हुए हैं। गाजियाबाद की बात करें तो बिहार और पूर्वांचल का ये जलवा है कि छठ महोत्सव में कोई ऐसा नेता नहीं है जो ना पहुंचे और राजनीति में इस समाज के चेहरों ने खुद को स्थापित किया है। अगर सरकारी कृपा है, नामित पार्षद बनाया जा रहा है तो बिहार की अर्चना सिंह का नाम आयेगा। अगर निर्वाचित होने की बात है तो निगम पार्षद पूनम सिंह को टिकट मिलेगा। अगर संगठन में पद देने की बात है तो पूर्वांचल की रनीता सिंह को उपाध्यक्ष बनाया जायेगा। ये एक लंबी फेहरिस्त है और इसमें पूर्वांचल के कई और नेता आते हैं। ये आबादी का गणित है कि पूर्वांचल के मनोज तिवारी दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद रहे हैं। ऐसे में जब चुनावी शंखनाद होगा तो बिहार पूर्वांचल की आबादी का ये सैलाब जिधर मुडेगा उधर राजनीति को प्रभावित करेगा।

### सपा और कांग्रेस की कितनी पकड़ है पूर्वांचल पर

करंट क्राइम। बात तो उत्तर प्रदेश की है और यहां सपा और कांग्रेस हाथ मिलाकर चुनाव लड़ेंगे। ऐसे में ये तय है कि एकमुश्त वोट आयेगा। वहीं बहुजन समाज पार्टी भी धनुष पर टंकार दे रही है। सवाल यही है कि विपक्ष की पूर्वांचल समाज की यहां पर कितनी पकड़ है। उसके वोटर कितने हैं और उसके पास नेता कितने हैं। समाजवादी पार्टी ने पूर्वांचल और बिहार के कितने नेता गाजियाबाद में है। कांग्रेस के पास पूर्वांचल और बिहार का कौन सा चेहरा यहां है। यही सवाल है कि बिहार चुनाव के बाद जब इसके साईड इफैक्ट की बात हो रही है तो फिर ये भी सोचना होगा कि यहां समाजवादी पार्टी कौन सा ऐसा चेहरा लायेगी जो मतदाताओं को अपनी ओर आकृष्ट कर सके। समाजवादी पार्टी के पास इस वर्ग के मतदाताओं को अपनी तरफ बुलाने के लिए क्या मुद्दे रहेंगे। कांग्रेस का कौन सा नेता यहां पर इस बैल्ट में इस समाज को प्रभावित करेगा। ये सत्य है कि भाजपा यहां सधी हुई रणनीति से आयेगी और वो बिहार से भी चेहरे बुलायेंगे और पूर्वाचंल से भी उसके चेहरे आयेंगे। मगर सवाल यही है कि कांग्रेस सपा और बसपा के कौन से चेहरे यहां आयेंगे।

## इस बार जिला पंचायत चुनावों में कितनी मजबूत रहेगी केसरिया भागीदारी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिला पंचायत चुनाव ने दस्तक दे दी है। जिला पंचायत चुनाव के भावी उम्मीदवारों ने प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। क्षेत्र के विकास की दुहाई देते हुए ये सभी चेहरे अब पर्व त्यौहारों की बधाई देते हुए होर्डिंग पर दिखाई दे रहे हैं। पंचायत चुनावों को लेकर जहां अन्य दलों में अभी उदासीन माहौला है वहीं भगवा सियासत का सीन इस मामले में आगे चल रहा है। भाजपा वैसे भी ये ऐलान कर चुकी है कि वो पंचायत चुनावों में सिम्बल नहीं देगी लेकिन वो अपने समर्थित उम्मीदवारों को पूरा बल देगी। सीधा सा संदेश है कि जिस भी उम्मीदवार को जिला पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थन देगी। उस प्रत्याशी के समर्थन में क्षेत्र के विधायक,




संगठन के पदाधिकारी आयेंगे। रोड शो भी होगा तो यहां कई बड़े चेहरे नजर आयेंगे। पंचायत चुनावों को लेकर इस बार गाजियाबाद में सीन क्या रहेगा, ये देखने की बात है। क्योंकि गाजियाबाद में पंचायत चुनावों में कमल को वो समर्थन नहीं मिलता है जो उसे लोकसभा और विधानसभा में मिलता है। यहां पर भाजपा के पास केवल दो वोट थे और वो जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर भले ही काबिज हो गई हो लेकिन ये सवाल है कि क्या इस बार जिला पंचायत में उसके पास इतनी वोट होंगी, कि उसे सपोर्ट के लिए अतिरिक्त बल ना लगाना पड़े। यहां पर जिला पंचायत की बात करें तो लोनी देहात मुरादनगर देहात में कई चेहरे ऐसे हैं जो भाजपा से टिकट मांग रहे हैं यानि भाजपा से वो सपोर्ट मांग रहे हैं और उनका दावा है कि वोट उनके पास है। ऐसे में बड़ी चुनौती ये रहेगी कि अगर भाजपा ने किसी एक को समर्थन दिया तो बाकी चार उस एक को हराने के लिए लड़ेंगे। यही चुनौती भाजपा को समाप्त करनी है और अगर उसने इस चुनौती पर काबू पा लिया तो फिर इस बार का पंचायत चुनाव केसरिया रंग लेकर आ सकता है।

# श्रीनगर थाने में धमाका, नौ की मौत 27 घायल

## नौगाम में कैसे हुआ ब्लास्ट? विस्फोट ने पूरे इलाके को हिलाया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के नौगाम पुलिस थाने में शुक्रवार रात करीब 11:20 बजे भारी विस्फोट हुआ। इसमें नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक पुलिसकर्मियों समेत 27 लोग घायल हो गए। धमाके से लगी भीषण आग में वहां खड़े एक दर्जन से अधिक वाहन जल गए। विस्फोट इतना तेज था कि इसकी आवाज सात किलोमीटर दूर राजबाग, पुराना सचिवालय, छानपोरा, सनतनगर, रावलपोरा और पंथा चौक क्षेत्र में भी सुनाई दी।

बताया जाता है कि सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल मामले में हाल ही में जब्त किए गए विस्फोटकों के एक बड़े जखीरे की सैंपलिंग करते समय ये धमाका हुआ है लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी। जब्त किया विस्फोटक अमोनियम नाइट्रेट और एनपीएस था।



जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद के सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ इसी पुलिस थाने में 19 अक्तूबर को दर्ज मामले में हुआ था। इस पुलिस थाने की जांच में ही दो ओजीडब्ल्यू की गिरफ्तारी के बाद फरीदाबाद में 2,900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री और भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए थे।

**पुलिस ने सील किया इलाका :** विस्फोट होने के तुरंत बाद पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया। वहीं, घटनास्थल की ओर जाने वाले सभी रास्ते भी बंद कर दिए। देर रात किसी को भी आगे नहीं जाने दिया जा रहा था। यह साफ नहीं हो सका कि नौगाम पुलिस थाने में पूरा 2,900 किलो जब्त विस्फोटक रखा गया था या इसकी कुछ मात्रा यहां रखी गई थी।

**2,910 किलो अमोनियम नाइट्रेट और एनपीएस किया था जब्त :** सूत्रों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद से सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल से जुड़े डॉ. मुजम्मिल गनई के दो ठिकानों से 360 किलो और 2,550 किलो अमोनियम नाइट्रेट व एनपीएस जब्त किया था। बताया जा रहा है कि विस्फोटक सामग्री को पुलिस नौगाम पुलिस स्टेशन में लाई गई थी। इस मॉड्यूल के मुजम्मिल समेत 9 संदिग्धों को पुलिस अब तक गिरफ्तार कर चुकी है।

**इन अस्पतालों में भर्ती कराए गए घायल :** 10 घायलों को उजाला सिग्नस अस्पताल में ले जाया गया है। इसके अलावा श्रीनगर के श्री महाराजा हरि सिंह अस्पताल और सेना के 92 बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले आये गाजियाबाद

### बुद्धिजीवियों के साथ किया सामाजिक विषयों पर चिंतन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले शनिवार को गाजियाबाद आये। सूत्र बताते हैं कि यहां उन्होंने समाज के बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों के साथ समाजिक विषयों पर चर्चा की। सूत्र बताते हैं कि उनकी यह यात्रा बौद्धिक चिंतन को लेकर थी। दत्तात्रेय होसबोले ने अपने गाजियाबाद आगमन पर समाजिक विषयों को लेकर चर्चा की है। बताया जाता है कि इस वार्ता में कोई भी राजनीतिक बिन्दु नहीं था। वार्ता मूल रूप से बौद्धिक चिंतन पर थी। इस बैठक का आयोजन सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल के आवास पर रखा गया था।

## लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने छोड़ी राजनीति

### कहा- मैं अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हूं



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिनी आचार्या ने राजनीति छोड़ने का एलान किया है। इतना ही नहीं उन्होंने अपने परिवार से दूरी बनाने की भी घोषणा कर दी है। रोहिणी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं राजनीति छोड़ रही हूं और अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हूं। यह वही बात है जो संजय यादव और रमीज ने मुझसे कहने को कहा था। राजद की हार की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं सारी ज़िम्मेदारी ले रही हूं।

दरअसल, रोहिणी आचार्य, तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव की राजद में दखल से नाराज चल रही हैं। 18 सितंबर को भी उन्होंने किसी अन्य के सोशल मीडिया पोस्ट को शेयर करते हुए तेजस्वी यादव के साये बने राज्यसभा सांसद संजय यादव को निशाने पर लिया था। उन्होंने अपने भाई तेजस्वी यादव के करीबी सांसद संजय यादव को निशाना साधते हुए लिखा था कि लालू-तेजस्वी की जगह लेने की कोशिश करने वालों को देखना पसंद नहीं करती हैं। रोहिणी आचार्य ने जो शेयर किया था, उसमें लिखा था कि- फ्रंट सीट सदैव शीर्ष के नेता - नेतृत्वकर्त्ता के लिए चिन्हित होती है और उनकी अनुपस्थिति में भी किसी को उस सीट पर नहीं बैठना चाहिए .. वैसे अगर कोई अपने आप को शीर्ष नेतृत्व से भी ऊपर समझ रहा है, तो अलग बात है।

**मेरे लिए मेरा आत्म-सम्मान सर्वोपरि है :** इसके बाद फिर से रोहिणी ने अपने पिता लालू प्रसाद यादव को जीवनदान देने वाला फोटो-वीडियो शेयर करते हुए लिखा है- जो जान हथेली पर रखते हुए बड़ी से बड़ी कुबार्नी देने का जज्बा रखते हैं, बेखौफी-बेबाकी-खुद्दारी तो उनके लहू में बहती है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी लिखा था कि ₹मैंने एक बेटी व बहन के तौर पर अपना कर्त्तव्य एवं धर्म निभाया है और आगे भी निभाती रहूंगी। मुझे किसी पद की लालसा नहीं है, न मेरी कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा है। मेरे लिए मेरा आत्म-सम्मान सर्वोपरि है। अब रोहिणी की यह दोनों पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

# बिहार चुनाव में एनडीए की 202 सीटों की सुनामी : बालेश्वर त्यागी

## 'संगठन, रणनीति और सामाजिक समीकरणों की ऐतिहासिक जीत'



**बालेश्वर त्यागी की कलम से बिहार विधानसभा चुनाव के प्रमुख अंश**

**एनडीए की अभूतपूर्व 202 सीटों पर विजय**
243 सीटों में से 202 पर जीत ने सभी चुनाव विश्लेषकों को चौंका दिया, जबकि अधिकांश को इतनी भारी जीत की उम्मीद नहीं थी।

**भाजपा का चुनाव को 'राष्ट्रीय स्थिरता' से जोड़ना**
भाजपा ने चुनाव को राज्य से आगे बढ़कर केंद्र सरकार की मजबूती का चुनाव माना—इसी वजह से कार्यकर्ताओं से लेकर रणनीति तक ढिलाई नहीं छोड़ी।

**प्रशांत किशोर की गांव-गांव पदयात्रा का उल्टा असर**
पीके अपने खाते में एक भी सीट नहीं जोड़ पाए, परंतु उनके 'जंगलराज' वाले नैरेटिव ने एनडीए को बड़ा लाभ पहुंचाया।

**नीतीश कुमार की साफ छवि और महिलाओं का भरोसा निर्णायक**
बीस वर्ष की एंटी-इंकम्बेंसी के बावजूद, नीतीश की गैर-भ्रष्ट छवि और महिलाओं को दी गई 10,000 रुपए सहायता का बड़ा प्रभाव दिखा।

**महागठबंधन की असंगति और जातीय गणित की कमजोरी**
कांग्रेस की निष्क्रियता, नेतृत्व का तालमेल न होना तथा 70 जातियों में प्रभाव न बढ़ा पाना—महागठबंधन की हार के प्रमुख कारण रहे।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बिहार चुनावों में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की भारी जीत मिली। 243 सदस्यों की विधान सभा में गठबंधन को 202 पर विजय प्राप्त हुई है। भाजपा 89 सीटों के साथ पहले नम्बर पर, नीतीश जी के जेडीयू 85 पाकर दूसरे नंबर पर, चिराग पासवान की लोजपा को 19 जीतनराम मांझी की हम को5 और कुशवाहा की रालोमो को 4सीट मिली हैं।

महागठबंधन को 35 जिनमें राजद को 25 कांग्रेस 6 वाम दल 3और आईआईपी को एक सीट मिली। ओबैसी की आई आई एम को 5 और बसपा को एक सीट मिली है।

एनडीए की इस ऐतिहासिक जीत ने चुनाव विश्लेषकों को चौंकाया है क्योंकि अधिकतर विश्लेषक मानते थे कि एनडीए जीतेगी तो जरूर लेकिन जीत इतनी बड़ी होगी इसकी कल्पना अधिकतर नहीं कर पाए। मराठी पत्रकार भाऊ तोरसेकर ने जरूर दो दिन पहले कहा था कि ये जीत 200 सीटों पर भी हो सकती है।

बहुत से विश्लेषकों का अलग अलग मत है। इस ऐतिहासिक जीत का बड़ा कारण ये है कि भाजपा के लिए ये चुनाव एक प्रदेश का चुनाव मात्र नहीं था। ये केंद्र सरकार को मजबूती देने का चुनाव था। इसलिए भाजपा ने कोई अनटर्न स्टोन नहीं छोड़ा। प्रवासी बिहारी सब मतदान करने जाय और एनडीए को वोट डाले इसके लिए यूपी, पंजाब, गुजरात महाराष्ट्र सहित सभी प्रदेशों के भाजपा कार्यकर्ताओं को संपर्क करने के लिए लगाया था। भाजपा ने पूरे चुनाव का मैनेजमेंट अपनी कार्य योजना के अनुसार संचालित किया और एनडीए पूरी एक यूनिट की तरह दिखे, कोई दरार न दिखे इसे भाजपा नेतृत्व ने सुनिश्चित किया।

दूसरा बड़ा कारण प्रशांत किशोर रहे। वह अपनी पार्टी का तो खाता भी नहीं खोल पाए लेकिन उन्होंने पिछले दो वर्षों में गांव गांव पदयात्रा करके लालू के जंगलराज और परिवार की लूट का जो वातावरण बनाया, उसका संगठन न होने के कारण वह कोई लाभ नहीं ले सके लेकिन उसका एनडीए को पूरा लाभ मिल गया।नीतीश कुमार पर केवल दो आरोप ज्यादा थे, एक स्वास्थ्य और बीस वर्ष की एंटी इंकमबैंसी। नीतीश जी पर भ्रष्टाचार, अपराधियों को संरक्षण जैसा कभी कोई आरोप नहीं लगे। इस चुनाव में नीतीश जी ने अपने सारे भाषण लिखित ही पढ़े और पूरे चुनाव बड़ी सजगता से रहे, ताकि विपक्ष को कोई अवसर न मिल जाए।

महिलाओं के लिए नीतीश जी ने पहले भी कई उल्लेखनीय कार्य किए थे और इस बार 10,000 रुपये राशि खाते में भेजना बड़ा कारण बना। मेरा आज भी मानना है कि बिहार में मत प्रतिशत बढ़ने का बड़ा कारण मृतकों और फर्जी मतदाताओं के बड़ी संख्या में एसआईआर में मतों का कटना रहा।

महागठबंधन के बीच कभी एकता नहीं दिखी। कांग्रेस विशेष रूप से राहुल गांधी की चुनावों में कम सक्रियता ने नकारात्मक संदेश दिया। वैसे भी राहुल गांधी कभी तेजस्वी यादव को बराबर का दर्जा देने को तैयार नहीं दिखे।

बिहार का चुनाव जातियों पर आधारित था इसका सबसे बड़ा प्रमाण तो ये ही है कि प्रशांत किशोर जीरो पर आउट हो गए। तेजस्वी को एमवाई वोट तो मिला लेकिन जातियां तो सत्तर हैं। बाकी 68 में अपनी पैठ बनाने में असफल रहे।जबकि एनडीए के घटक दलों ने टिकट बंटवारे में इस बात की कोशिश की कि लगभग अभी जातियों को कुछ न कुछ प्रतिनिधित्व मिल जाए।और वे इसमें सफल भी हुए।

भाजपा बिहार की जीत के रथ पर सवार होकर बंगाल को जीतने के लिए उतरेगी। साथ ही महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली और अब बिहार की जीत से भाजपा के मजबूत होने का संदेश चला गया है। जिसने बूथ पर जाकर मत डाला है उसे चुनाव में किसी वोट चोरी का जुमला प्रभावित नहीं करता है।



# पीएम मोदी ने कांग्रेस पर लगाया आदिवासियों की अनदेखी का आरोप, कहा- उनके योगदान को भुला दिया गया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात पहुंचे। पीएम मोदी प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत बने एक लाख घरों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में भी शामिल। इसके बाद धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा, डेडियापाड़ा और सागबारा का एक क्षेत्र कबीर की शिक्षाओं से प्रेरित है। मैं संत कबीर की भूमि वाराणसी से सांसद हूं। इसलिए, यह स्वाभाविक है कि संत कबीर का मेरे जीवन में एक विशेष स्थान है। मैं उन्हें इस मंच से नमन करता हूं। हमने यहां एक लाख परिवारों को पक्के घर दिए गए। एकलव्य मॉडल स्कूलों का शिलान्यास किया गया। ऐसा कई सारी कल्याण योजनाओं के लिए जनजातीय परिवारों को बहुत बधाई। पीएम मोदी ने कहा कि आदिवासियों ने हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम में बहुत बड़ा योगदान दिया, लेकिन कांग्रेस ने 60 साल के शासन में आदिवासियों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया।



'बीते 10 वर्षों में कई धामों का विकास हुआ'

उन्होंने कहा, "पहले बिरसा मुंडा को याद नहीं किया जाता था। हमने तय कि हमारी अगली पीढ़ी को पता चले कि बिरसा मुंडा ने हमारे लिए क्या किया है। इसलिए हमने देश में कई जनजातीय संग्रहालय बनाए जा रहे हैं। मैं छत्तीसगढ़ गया था वहां मैंने शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का शिलान्यास किया।' नरेंद्र मोदी ने कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन महाकाल, अयोध्या का राम मंदिर और केदारनाथ धाम की चर्चा अक्सर होती रहती है। पिछले 10 वर्षों में ऐसे कई धार्मिक और ऐतिहासिक धामों का विकास हुआ है। लेकिन बहुत कम लोग जानते होंगे कि 2003 में जब मैं मुख्यमंत्री के तौर पर डेडियापाड़ा आया था, तो मां के चरणों में प्रार्थना करने गया था। उस समय मैंने देखा कि उसकी हालत एक छोटी सी झोपड़ी जैसी थी। मेरे जीवन में जितने भी पुनर्निर्माण कार्य हुए हैं, मैं गर्व से कह सकता हूं कि उन सबकी शुरुआत देवमोगरा माता के मंदिर के विकास से हुई।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी कल्याण भाजपा की प्राथमिकता है। हमने ये परेशानी खत्म करने का फैसला लिया है। 1947 में देश आजाद हुआ, लेकिन उनकी स्थिति में सुधार नहीं किया गया। आदिवासी समाज का नाम भगवान राम से भी जुड़ा है। लेकिन कांग्रेस ने इनके विकास के लिए कुछ नहीं किया। पहली बार जब अटल जी प्रधानमंत्री बने, तब आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय बनाया गया। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में इस मंत्रालय को भी भुला दिया गया। उन्होंने आगे कहा, एनडीए ने हमेशा आदिवासी समाज के लोगों ने शीर्ष पदों पर बिठाया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री राज्य का कायाकल्प कर रहे हैं। हमारे जनजातीय समाज के ओड़िशा के मुख्यमंत्री राज्य का विकास कर रहे हैं। हमने कई राज्यों में आदिवासी मुख्यमंत्री दिए।

# शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था बिहार चुनाव, नतीजे भी चौंकाने वाले; करारी हार पर बोले राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बिहार विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए डबल सेंचुरी मारी है। महागठबंधन की करारी हार हुई है। इन नतीजों को कांग्रेस सांसद और नेता विपक्ष राहुल गांधी ने चौंकाने वाला बताया है। साथ ही कहा है कि हम एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सके, जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "मैं बिहार के उन करोड़ों मतदाताओं का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने महागठबंधन पर अपना विश्वास जताया। बिहार का यह परिणाम वाकई चौंकाने वाला है। हम एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सके, जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था। यह लड़ाई संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन इस परिणाम की गहराई से समीक्षा करेंगे और लोकतंत्र को बचाने के अपने प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाएंगे।"

# राजस्थान के गांव में नशे की गुप्त लैब

## सैकड़ों किलोग्राम केमिकल जब्त

## 100किग्रा मेफेड्रोन तैयार करने की सामग्री



**राजस्थान।** केंद्र सरकार के नशीले पदार्थों के प्रति जीरो टॉलरेंस के दृष्टिकोण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और राजस्थान पुलिस ने राजस्थान के सिरोही जिले के एक सुदूर गांव में एक गुप्त लैब का भंडाफोड़ किया है। सैकड़ों किलोग्राम केमिकल जब्त किए गए हैं, जो लगभग 100 किलोग्राम मेफेड्रोन बनाने के लिए पर्याप्त थे। इनकी अनुमानित बाजार कीमत 40 करोड़ रुपये है। लैब के मास्टरमाइंड और 4 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में मेफेड्रोन का इस्तेमाल साइकोट्रोपिक ड्रग्स के तौर पर तेजी से बढ़ रहा है।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने राजस्थान में, विशेष रूप से जिला पुलिस को संवेदनशील बनाने के लिए मासिक जिला स्तरीय एनसीओआरडी तंत्र का इस्तेमाल करते हुए कई बैठकें कीं। राज्य पुलिस को इस विषय के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें रसायनों और प्रयोगशाला उपकरणों से भरे ड्रम की उपस्थिति की सूचना एनसीबी के स्थानीय कार्यालय को दी। ये संभावना जताई गई कि ऐसी जगह मेफेड्रोन जैसी सिंथेटिक दवाओं के निर्माण का एक गुप्त केंद्र हो सकता है।

एनसीबी ने देशभर की जिला पुलिस के साथ गुप्त लैब्स की उपस्थिति के बारे में जानकारी साझा की। इनमें, ढकी हुई या काली खिड़कियां, अत्यधिक वेंटिलेशन/डक्टिंग, दीवारों, फर्श, इमारतों या शेड्स पर धातु के क्षरण या रासायनिक दाग के निशान, जो पहले आवासीय थे लेकिन प्रयोगशालाओं के रूप में उपयोग किए जाते थे, असामान्य स्थानों पर रसायनों या उपकरणों का भंडारण आदि, शामिल हैं।

ऐसे ही एक मामले में, राजस्थान की सिरोही पुलिस को 06 नवंबर, 2025 को सिरोही के धनजाई गांव में एक फार्म हाउस में लैब उपकरणों के साथ-साथ रसायनों से भरे ड्रम और पैकेट मिले। पुलिस ने तुरंत यह जानकारी एनसीबी, जोधपुर को दी, जिसके बाद अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें एक गुप्त प्रयोगशाला के संकेत मिले। वहां सैकड़ों किलोग्राम रसायन मिले जो लगभग 100 किलोग्राम मेफेड्रोन बनाने के लिए पर्याप्त थे। इसकी अनुमानित बाजार कीमत 40 करोड़ रुपये है। राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधीनगर की टीम को निरीक्षण के लिए बुलाया गया। उन्होंने घटनास्थल से बरामद प्रयोगशाला उपकरणों में इस्तेमाल किए जा रहे अग्रिम पदार्थों की मौजूदगी की पुष्टि की है। मामले की जांच के दौरान, लैब चलाने वाले लोगों की पहचान की गई और उनमें से पांच को राजस्थान पुलिस की सहायता से एनसीबी, जोधपुर द्वारा राजस्थान और गुजरात के विभिन्न हिस्सों से गिरफ्तार किया गया। जांच के बाद मास्टरमाइंड, बाला राम, निवासी जिला - जालौर, राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में पता चला कि वह स्नातक है और सिविल सेवा परीक्षा सहित विभिन्न परीक्षाओं में असफल होने के बाद, उसने जल्दी पैसा कमाने के लिए मेफेड्रोन निर्माण का व्यवसाय शुरू कर दिया।

# लाल किले के पास धमाका मामले में बंगाल के उत्तर दिनाजपुर से एमबीबीएस छात्र गिरफ्तार, एनआईए कर रही पूछताछ



**नई दिल्ली।** बीते दिनों दिल्ली में लाल किले के पास हुए धमाके के मामले में एनआईए ने जांच तेज कर दी है। इसके तहत जांच एजेंसी ने पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर से एक एमबीबीएस छात्र जानिसुर उर्फ निसार आलम को आतंक संगठनों से कथित संबंधों के शक के आधार पर गिरफ्तार किया है। निसार हरियाणा की अल-फला यूनिवर्सिटी का छात्र है और लुधियाना में रहता है। उसका पैतृक घर दलखोला के पास कोनाल गांव में है।

जानकारी के अनुसार, निसार को शुक्रवार सुबह सूरजपुर बाजार से तब पकड़ा गया जब वह परिवार में शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहा था। अधिकारियों ने उसके मोबाइल लोकेशन डेटा के आधार पर उसकी गतिविधियों पर नजर रखी थी।

### निसार के पास से डिजिटल डिवाइस बरामद

सूत्रों ने बताया कि उसे हाल ही में दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके के सिलसिले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। हालांकि एनआईए ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि निसार का धमाके से सीधे तौर पर क्या संबंध है।

जांच एजेंसी ने उसके पास से डिजिटल डिवाइस और दस्तावेज भी बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान निसार ने भागने की कोशिश भी की, जिसके बाद उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। उसे आगे की जांच के लिए सिलीगुड़ी ले जाया जा रहा है। उधर, निसार की गिरफ्तारी पर उसके परिवार के लोगों ने प्रतिक्रिया दी है। निसार के रिश्तेदारों का कहना है कि वह शांत स्वभाव का, पढ़ाई में डूबा रहने वाला लड़का है और किसी गलत गतिविधि से उसका कोई संबंध नहीं हो सकता।

गौरतलब है कि बीते 10 नवंबर को दिल्ली के लाल किले के पास एक जोरदार बम धमाका हुआ। इस धमाके में 13 लोगों की मौत हुई थी, जिसके बाद एनआईए लगातार अलग-अलग जगहों पर जांच कर रही है। इसी सिलसिले में एजेंसी ने हाल ही में मुर्शिदाबाद के निवासी मोइनुल हसन के घर पर भी छापा मारा था, जिसके दिल्ली और मुंबई में कुछ संदिग्ध संपर्कों की जांच चल रही है।

# बिहार के बाद गर्म हुई बंगाल की राजनीति

**नई दिल्ली।** कल का दिन बिहार की राजनीति के लिए बहुत अहम रहा। एनडीए ने विधानसभा चुनाव में एक प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज की। कुल मिलाकर एनडीए को 243 में 202 सीटों पर जीत मिली। ऐसे में अब सभी पार्टियों की नजरें अगले साल होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव पर हैं। बिहार में एनडीए की शानदार जीत के बाद भाजपा ने पहले ही पश्चिम बंगाल में अपनी जीत का एलान कर दिया है। इससे पहले शुक्रवार शाम को अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने भी बंगाल चुनाव में ऐसी ही प्रचंड बहुमत से जीत का दावा किया।

अब ऐसे में पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने भाजपा के इस दावे का मजाक उड़ाया। पार्टी ने दावे के बाद एक वायरल वीडियो शेयर किया। वीडियो में एक लड़का कहता है, 'सपने देखना अच्छी बात है'। टीएमसी ने इस कटाक्ष के माध्यम से इस बात पर जोर दिया कि पश्चिम बंगाल में भाजपा के ये दावे सिर्फ सपने भर हैं।



बिहार में जीत से उत्साहित भाजपा ने पश्चिम पश्चिम बंगाल में भी इसी तरह का प्रदर्शन दोहराने का दावा किया है। पार्टी के राज्य इकाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तीन शब्दों का संदेश पोस्ट किया, जिसमें लिखा था 'अगला पश्चिम बंगाल'। इतना ही नहीं गिरिराज सिंह समेत कई भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने से भी संकेत दिया कि बंगाल में भी पार्टी की जीत का सिलसिला जारी रहेगा।

गौरतलब है कि भाजपा इस बार पश्चिम बंगाल में अपने पिछले चुनाव के सर्वोत्तम प्रदर्शन पर भरोसा कर रही है। 2021 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 294 सीटों में से 77 सीटें जीती थीं, जो अब तक का उनका सर्वोच्च प्रदर्शन था। वहीं, तृणमूल ने 215 सीटों के साथ सरकार बनाई थी। अब ऐसे में पार्टी का लक्ष्य अगले साल होने वाले चुनाव में एक बार फिर भारी बहुमत हासिल कर ममता बनर्जी सरकार को सत्ता से हटाना है।

# 'स्नान के समय पानी नाक में न जाए..', दिमागी बुखार के खतरे के बीच सरकार ने जारी की एडवाइजरी

**केरल।** केरल के स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को सबरीमाला जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि नदी में नहाते समय नाक पानी में न जाए। राज्य में हाल ही में अमीबिक मेनिंगोएंसेफेलाइटिस (दिमागी बुखार) के मामले सामने आए हैं। इसी बीच सबरीमाला की सालाना यात्रा 17 नवंबर से शुरू हो रही है।



### स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी में क्या कहा गया?

विभाग ने कहा कि जिन श्रद्धालुओं का उपचार चल रहा है, वे यात्रा के दौरान अपने चिकित्सा दस्तावेज और दवाइयां साथ रखें। इसमें यह भी कहा गया कि जो लोग रोजाना दवाइयां लेते हैं, उन्हें यात्रा के दौरान दवाइयां बंद नहीं करनी चाहिए। एडवाइजरी में कहा गया है कि नदी में नहने वाले श्रद्धालु ध्यान रखें कि पानी उनकी नाक में बिल्कुल न जाए।

हालांकि, एडवाइजरी में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि नदी में नहाते समय सावधानी क्यों जरूरी है। लेकिन हाल ही में केरल में दिमागी बुखार के कई मामले सामने आने पर ऐसी ही हिदायत दी गई थी। यात्रा शुरू होने से पहले श्रद्धालुओं को टहलने जैसा हल्का व्यायाम करने की सलाह दी गई है, ताकि चढ़ाई करते समय उन्हें ज्यादा थकान न हो।

श्रद्धालुओं से कहा गया है कि वे धीरे-धीरे चढ़ें, बीच-बीच में आराम करें और अगर थकान, सीने में दर्द, सांस फूलना या कमजोरी महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर की मदद लें। आपातकाल की स्थिति में 04735 203232 पर संपर्क किया जा सकता है।

इसमें कहा गया है कि श्रद्धालु केवल उबला हुआ पानी ही पिएं, खाने से पहले हाथ धोएं, धुले हुए फल खाएं और बासी या खुले में रखे भोजन से बचें। खुले में शौच पूरी तरह मना है। श्रद्धालुओं को शौचालय का ही इस्तेमाल करना चाहिए औबद में हाथ अच्छी तरह धोने चाहिए। कचरा केवल तय जगहों पर ही फेंका जाए। अगर किसी को सांप काट ले, तो सलाह है कि वह तुरंत चिकित्सा सहायता ले।

राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टर और प्रशिक्षित स्वयंसेवी स्वास्थ्यकर्मियों को यात्रा मार्गों पर तैनात किया गया है। पंपा में 24 घंटे काम करने वाला नियंत्रण केंद्र बनाया गया है। उन्होंने कहा, जो भी यात्री चढ़ाई के दौरान किसी तरह की परेशानी महसूस करें, उन्हें तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार लेना चाहिए। जानकारी देने वाले सामग्री मलयालम, अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ सहित कई भाषाओं में तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के सहयोग से पूरी तरह चिकित्सा सुविधाएं तैयार की गई हैं। पंपा से सन्निधानम तक मार्ग में आपातकालीन चिकित्सा केंद्र स्थापित किए गए हैं और कोन्नी मेडिकल कॉलेज को बेस अस्पताल बनाया गया है। पथानामथिट्टाअस्पताल में आपातकालीन कार्डियोलॉजी सुविधा शुरू कर दी गई है।

# 'आधार सिर्फ पहचान का दस्तावेज, नागरिकता का नहीं...', सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग का जवाब

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को साफ कर दिया है कि आधार कार्ड को केवल पहचान साबित करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, नागरिकता साबित करने के लिए नहीं। बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष संशोधन को लेकर उठी कानूनी बहस के बीच आयोग ने यह स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि इस संबंध में जरूरी निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि आधार की कानूनी सीमाओं पर न्यायालय पहले ही स्पष्ट राय दे चुका है।

चुनाव आयोग ने अपने जवाब में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 8 सितंबर को ही स्पष्ट कर दिया था कि मतदाता सूची के अद्यतन के दौरान आधार कार्ड का उपयोग केवल पहचान स्थापित करने के लिए किया जा सकता है। इसके आधार पर आयोग ने 9 सितंबर 2025 को बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को निर्देश जारी किए थे कि आधार को नागरिकता प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।



आयोग ने कहा कि यह प्रक्रिया निर्वाचन सूची में नाम जोड़ने या हटाने के दौरान पालन की जानी अनिवार्य है।

### आधार उपयोग पर दायर याचिका

यह जवाब उस इंटरलोक्यूटरी आवेदन पर दिया गया, जिसमें अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने मांग की थी कि आधार का उपयोग केवल पहचान प्रमाण और प्रमाणिकरण के लिए ही सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा था कि यह प्रक्रिया कानूनी धाराओं की भावना के अनुरूप ही होनी चाहिए। आयोग ने अदालत को आश्वस्त किया कि उसके सभी मौजूदा निर्देश इसी प्रावधान का पालन करते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट पहले ही कर चुका है स्पष्ट टिप्पणी

चुनाव आयोग ने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी कहा था कि आधार नागरिकता या डोमिसाइल का प्रमाण नहीं है। अदालत ने 7 अक्टूबर को उपाध्याय की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए यह देखते हुए कहा था कि इस मुद्दे पर अदालत की स्थिति पहले से स्पष्ट है। आयोग का कहना है कि वही कानूनी स्थिति उसके प्रशासनिक आदेशों में भी लागू की गई है।

### आधार नागरिकता, निवास या जन्म का प्रमाण नहीं

चुनाव आयोग ने अपने जवाब में कहा कि यूआईडीएआई ने अगस्त 2023 में जारी कार्यालय ज्ञापन में स्पष्ट कर दिया था कि आधार कार्ड ना तो नागरिकता का प्रमाण है, ना निवास का और ना ही जन्मतिथि का। आयोग ने कहा कि इसी डट का हवाला बॉम्बे हाई कोर्ट ने भी दिया था, जिसमें कहा गया था कि जन्मतिथि साबित करने की जिम्मेदारी आधार धारक पर ही रहती है। आयोग ने बताया कि अदालत के आदेश और यूआईडीएआई दोनों ही स्पष्ट रूप से यह तय करते हैं कि आधार को सीमित भूमिका में ही इस्तेमाल किया जा सकता है।

उपाध्याय की मुख्य याचिका पूरे देश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की नियमित प्रक्रिया लागू करने की मांग से संबंधित है। आयोग का कहना है कि बिहार में जारी संशोधन के दौरान आधार कार्ड की भूमिका को लेकर किसी भी भ्रम को दूर करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निदेशों का पालन किया जा रहा है।

# सेना ने पहाड़ों के लिए बनाया नया मोनोरेल सिस्टम

**अरुणाचल प्रदेश।** अरुणाचल प्रदेश के दुर्गम हिमालयी इलाकों में तैनात भारतीय सैनिकों के लिए बड़ी राहत देने वाला नवाचार सामने आया है। 16 हजार फीट की ऊंचाई पर सेना ने ऐसा स्वदेशी मोनोरेल सिस्टम तैयार किया है, जो बर्फ से ढके, खतरनाक और बिना सड़क वाले इलाकों में सप्लाई पहुंचाने के काम को पहले से कहीं तेज और सुरक्षित बनाएगा। यह सिस्टम किसी तकनीकी प्रयोगशाला में नहीं, बल्कि सीधे मैदान में सैनिकों की जरूरतों को देखते हुए विकसित किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने एक्स पर पोस्ट करते हुए इस स्वदेशी मोनोरेल सिस्टम की सराहना की और इसे भारत की इंजीनियरिंग क्षमता और आत्मनिर्भरता का उदाहरण बताया। यह सिस्टम अरुणाचल के कमेंग सेक्टर में गजराज/4 कॉर्प्स द्वारा विकसित किया गया है। यह मोनोरेल एक ट्रिप में 300 किलो से ज्यादा भार ढो सकती है, जो भोजन, दवा, गोला-बारूद और जरूरी उपकरणों को बेहद कठिन स्थानों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। हेलिकॉप्टर जहां नहीं पहुंच पाते, वहां यह सिस्टम अब सेना की नई ताकत बन गया है।







### कठिन इलाकों में सप्लाई की बड़ी चुनौती

अरुणाचल प्रदेश के कई दूरस्थ क्षेत्रों में न तो सड़कें हैं और न ही पारंपरिक वाहन चलाने की कोई सुविधा। संकरे पहाड़ी रास्ते, टूटते पत्थर, अचानक बदलता मौसम और कम ऑक्सीजन स्तर सैनिकों के लिए बड़ी समस्या रहे हैं। कई बार उन्हें भारी सामान अपनी पीठ पर लादकर लंबे-लंबे रास्ते तय करने पड़ते थे। ऐसे इलाकों में एक छोटा सफर भी काफी जोखिम भरा और समय लेने वाला साबित होता था।

### मोनोरेल कैसे बदलेगी सप्लाई का तरीका

गजराज कॉर्प्स द्वारा तैयार किया गया यह मोनोरेल सिस्टम अब इन सभी चुनौतियों को काफी हद तक कम कर देगा। यह तेज, सुरक्षित और ऊर्जा-किफायती तरीका है, जिससे आगे की पोस्टों तक आपूर्ति पहुंचाना बेहद आसान होगा। सेना का मानना है कि इससे न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि सैनिकों पर बोझ भी कम होगा और ऑपरेशन के दौरान जोखिम भी घटेगा। जरूरत पड़ने पर यह सिस्टम घायल जवानों को निकालने यानी कैजुअल्टी इवैक्यूएशन में भी मदद करेगा।

### गजराज कॉर्प्स... पूर्वी सेक्टर की मजबूत ढाल

गजराज कॉर्प्स, जिसे भारतीय सेना का 4 कॉर्प्स भी कहा जाता है, पूर्वी सेक्टर में तैनात एक महत्वपूर्ण फॉर्मेशन है। इसका गठन 4 अक्टूबर 1962 को भारत–चीन युद्ध के दौरान किया गया था। इसका मुख्यालय असम के तेजपुर में स्थित है। यह कॉर्प्स पारंपरिक लड़ाकू ऑपरेशनों के साथ–साथ काउंटर–इंसर्जेंसी मिशनों की भी जिम्मेदारी संभालती है। इसमें 71 माउंटेन डिविजन, 5 बॉल ऑफ फायर डिविजन और 21 रियल हॉर्न डिविजन शामिल हैं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सैनिकों के रहने के लिए यह कॉर्प्स विशेष ग्लेशियर हट भी विकसित कर चुकी है।

### स्वदेशी तकनीक से बढ़ी सेना की ताकत

सेना द्वारा तैयार किया गया यह मोनोरेल सिस्टम भारत की स्वदेशी सोच और नवाचार की दिशा में बड़ा कदम है। यह न सिर्फ आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूत करता है, बल्कि यह साबित करता है कि कठिनतम परिस्थितियों में भी देश की सुरक्षा व्यवस्था नए समाधान खोज सकती है। अरुणाचल प्रदेश के कमेंग क्षेत्र में इसकी तैनाती से पूर्वी सीमाओं पर लॉजिस्टिक क्षमताएं कई गुना बढ़ जाएंगी। विशेषज्ञ मानते हैं कि भविष्य में यह सिस्टम अन्य उच्च हिमालयी क्षेत्रों में भी उपयोगी साबित हो सकता है।

# गीता बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सप्तशक्ति संगम शोध कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गीता बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्या भारती द्वारा संचालित प्रकल्प के अंतर्गत सप्तशक्ति संगम शोध कार्यक्रम का सफल और अर्थपूर्ण आयोजन किया गया। नारी जागरण, उत्थान और सशक्तिकरण को समर्पित यह कार्यक्रम समाज में महिला शक्ति की भूमिका और महत्व को उजागर करने वाली प्रभावी पहल साबित हुआ। लगभग 250 मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। मातृ भारती की माताओं ने आयोजन के हर चरण में सहयोग देकर इसे और अधिक सुचारु और प्रभावी बनाया।



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भगिनी निवेदिता कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) की प्राचार्या प्रो. रूबी मिश्रा ने महिला नेतृत्व, शिक्षा और सशक्तिकरण से जुड़े प्रेरक एवं सारगर्भित विचार साझा किए।

समारोह की मुख्य अतिथि दिल्ली प्रांत संयोजिका रचना ढांढा तथा पूर्वी विभाग अध्यक्षा सुनीता जैन ने भी कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही विद्यालय प्रबंधक डॉ. रंजना गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष रूप से समृद्ध किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती वीणा गोयल के मार्गदर्शन और मातृ भारती संयोजिका श्रीमती राजबाला के कुशल संयोजन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विभिन्न सत्रों, चचाओं और प्रेरक प्रस्तुतियों ने उपस्थित माताओं व प्रतिभागियों में जागरूकता, आत्मविश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक मजबूत किया।

यह शोध कार्यक्रम महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण व प्रेरणादायक पहल के रूप में उभरकर सामने आया।

दैनिक **करंट क्राइम**

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...







# बार चुनाव में भी नजर आया कास्ट फैक्टर

## अध्यक्ष और सचिव दोनों पर जीते त्यागी बिरादरी वाले फेस





### बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता रोहित शर्मा बताते हैं कि इससे पहले भी कई बार त्यागी ब्राह्मण कॉन्बिनेशन रह चुका है

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के वर्ष 2025-26 कार्यकारिणी चुनाव हो गया है। इस चुनाव में फिर एक बार पुराना इतिहास दोहराया गया है। जिसमें अध्यक्ष और सचिव पद पर त्यागी बिरादरी के चेहरों ने विजय हासिल करने का काम किया है। इससे पहले बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष के रूप में राकेश त्यागी कैली और स्नेह त्यागी से बिरादरी के अध्यक्ष-सचिव रह चुके हैं तो लगभग दो साल बाद फिर यह जुगलबंदी नजर आई है। उधर बार एसोसिएशन गाजियाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता रोहित शर्मा बताते हैं कि इससे पहले भी कई बार त्यागी ब्राह्मण कॉन्बिनेशन रह चुका है।

### अध्यक्ष ब्रह्मदेव त्यागी और वरुण त्यागी ने कहा उठाएंगे अधिवक्ताओं के हक की आवाज

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद वर्ष 2025 26 की कार्यकारिणी का चुनाव हो गया है। इसमें बार एसोसिएशन गाजियाबाद के नए अध्यक्ष के रूप में ब्रह्मदेव त्यागी बने हैं। तो सचिव पद पर वरुण त्यागी ने कब्जा जमाया है। दोनों ने विजय होने के बाद पहले बार प्रांगण में बने पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यावर्पण किया और फिर शपथ ली है कि वह अधिवक्ताओं के हक की आवाज को उठाने का काम करेंगे। उनके जो मुद्दे हैं उसे आगे ले जाएंगे और अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। बता दें कि शुक्रवार की देर रात तक गाजियाबाद बार एसोसिएशन का चुनाव चला है। जिसमें अध्यक्ष सचिव सहित सभी प्रमुख पदों के लिए चुनाव हो गया है। जल्द ही एल्डर कमेटी द्वारा इन सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी।

### इन पदों पर विजयी हुए प्रत्याशी

अध्यक्ष : ब्रह्मदेव त्यागी
सचिव : वरुण त्यागी
वरिष्ठ उपाध्यक्ष : आदेश गर्ग
कनिष्ठ उपाध्यक्ष : विनय पंवार
कोषाध्यक्ष : खुशनमा परवीन
सह सचिव प्रशासन : सुनील कुमार
सह सचिव पुस्तकालय : अमित पाल

# सिटी जोन में खुली दो नई चौकियां

## एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने किया शुभारंभ

## अपराध नियंत्रण और जनसुनवाई में मिलेगी बड़ी मदद

### नई चौकियां दुहाई और गुलधर में स्थापित की गई हैं





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से दो नई पुलिस चौकियों का शुभारंभ किया गया। नई चौकियां दुहाई और गुलधर में स्थापित की गई हैं, जो प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट नमो भारत (रैपिड रेल) स्टेशन के नीचे विकसित की गई हैं। दोनों चौकियां अब से पूरी तरह संचालित हो गई हैं। शनिवार को आयोजित उद्घाटन समारोह में एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने कहा कि नए चौकियों के शुरू होने से स्थानीय स्तर पर अपराध नियंत्रण में बड़ी मदद मिलेगी। साथ ही अब आम नागरिकों को जनसुनवाई या शिकायत दर्ज कराने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उद्घाटन कार्यक्रम में एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी धवल जायसवाल, एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### जल्द होगा चौकी क्षेत्र का स्पष्ट वर्गीकरण

करंट क्राइम : फिलहाल दोनों चौकियां चालू कर दी गई हैं, लेकिन जल्द ही इनके थाना-क्षेत्र का स्पष्ट वर्गीकरण किया जाएगा। कौन-सा इलाका किस चौकी के अंतर्गत आएगा, इसके लिए एसीपी स्तर के अधिकारी रिपोर्ट तैयार कर डीसीपी कार्यालय को भेजेंगे। इसके बाद आधिकारिक क्षेत्राधिकार जारी किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले दो महीनों में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने सिटी से लेकर नदियापार तक कुल पाँच नई पुलिस चौकियां स्थापित की हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को एक नई मजबूती मिली है।

# गाजियाबाद में खतरनाक स्तर पर पहुंचा वायु प्रदूषण, कक्षा 5 तक स्कूल हुए ऑनलाइन

### गाजियाबाद का एक्यूआई 417 पहुंचा डॉक्टरों के अनुसार प्रदूषण का स्तर जानलेवा हो चुका है



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में वायु प्रदूषण के तेजी से बिगड़ते हालात के बीच प्रशासन ने कक्षा 5 तक के सभी स्कूलों को हाइब्रिड मोड पर स्थानांतरित कर दिया है। अब छोटे बच्चों की कक्षाएं ऑनलाइन आयोजित होंगी ताकि वे जहरीली हवा के संपर्क से बच सकें। जिले का एक्यूआई 417 तक पहुँचना इस निर्णय की सबसे बड़ी वजह बना है।

डॉक्टरों के अनुसार प्रदूषण का स्तर जानलेवा हो चुका है। इससे लोगों को समस्याएं हो रही हैं, जिसमें सांस में जलन, आँखों में चुभन, हाथों का काला पड़ना के साथ ही दमे और एलर्जी के मरीजों में परेशानी बढ़ गई है।

### सुबह-शाम बाहर निकलने से बचें

करंट क्राइम : डाक्टरों का कहना है कि बाहर जाएं तो एन-95 या सर्जिकल मास्क पहनें। बच्चों को सुबह/शाम खेलने से रोकें। तो बुजुर्गों और रोगियों को विशेष सावधानी बरतें। गाजियाबाद नगर निगम ने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। पिछले दो दिनों में खुले में निर्माण सामग्री रखने वालों पर कार्रवाई के साथ ही धूल उड़ाने वालों पर चालान, कूड़ा व पत्तियाँ जलाने वालों पर जुमार्ना किया गया है। कुल मिलाकर 25 लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना वसूला गया है। निगम नागरिकों से साफ सफाई और प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग की अपील भी कर रहा है।




### सड़क पर पानी का छिड़काव



करंट क्राइम : शहर के अलग-अलग जोन में टैंकरों से लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा है ताकि सड़क की धूल हवा में न उड़ सके। फिर भी अदकमें सुधार नहीं हुआ है, जिससे साफ है कि सिर्फ.छिड़काव से समस्या हल होने वाली नहीं है। धूल, वाहन प्रदूषण और निर्माण गतिविधियाँ अभी भी बड़े कारक बने हुए हैं।

### गाजियाबाद में 6 महीने लंबा प्रदूषण संकट

करंट क्राइम : इतिहास बताता है कि गाजियाबाद में साल के 6 महीने से भी अधिक वायु प्रदूषण की समस्या रहती है। इस दौरान वातावरण में धूल और धुंध बनी रहती है। तो लोगों को सांस संबंधी रोगियों की संख्या बढ़ती है। बाहरी गतिविधियाँ प्रभावित होती हैं( जनजीवन पर गंभीर असर पड़ता है। गाजियाबाद अब एलसीआर में सबसे अधिक प्रदूषण प्रभावित शहरों में लगातार बना हुआ है।

# छह महीने से पुलिस के लिए सिरदर्द बना गिरोह मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

## लुटेरे के दोनों पैर में लगी जब पुलिस की गोली, तो बोला अब नहीं लूटूंगा चेन

### कवि नगर थाना पुलिस और चार चौकियों की टीम ने पाई गिरोह पर सफलता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चेन लूट का आतंक मचाने वाले दो शातिर लुटेरों को आखिरकार कवि नगर थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इसमें आठ मुकदमों में वंचित दिनेश उर्फ राहुल उर्फ मोनू निवासी दौलतपुरा उम्र 24 साल और उसके सहयोगी पंकज को पुलिस ने गिरफ्तार करने का काम किया है। वहीं पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दिनेश उर्फ राहुल उर्फ मोनू के दोनों पैर में गोली मारकर दबोचा है। पुलिस ने जब इसको गोली मारकर गिरफ्तार किया, तो यह बोलने लगा कि अब लूट की वारदात नहीं करेगा। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। बता दें कि बीते दिनों इस गिरोह के तीन शातिर सदस्यों और दो महिला सहयोगियों को कवि नगर थाना पुलिस ने जेल भेजने का काम किया था। पुलिस उनकी तलाश में बीते 6 महीने के दौरान 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच कर चुकी है।

### चार चौकियों की पुलिस के लिए सिरदर्द था लुटेरा दिनेश उर्फ राहुल

करंट क्राइम : बीते 6 महीने से कवि नगर थाना पुलिस की गोविंदपुरम चौकी, सेक्टर-09 राज नगर, शास्त्री नगर और इंडस्ट्रियल एरिया चौकी पुलिस लुटेरों को गिरफ्तार करने के लिए एक के बाद एक नए प्लान बना रही थी लेकिन दोनों शातिर अपराधी गाजियाबाद में वारदात कर दिल्ली पहुंच जाते थे और फिर इनकी लोकेशन पुलिस को मिल नहीं पाती थी। बताया जा रहा है कि दिनेश उर्फ राहुल उर्फ मोनू और पंकज दोनों दौलतपुर के रहने वाले हैं आपस में रिश्तेदार हैं और लूट की अब तक दर्जनों वारदात कर चुके हैं।

> "कवि नगर पुलिस ने दो शातिर लुटेरे पकड़े हैं। जिनसे कई घटनाओं का खुलासा हुआ है। साथ ही इन पर जल्द ही गैंगस्टर भी लगाया जाएगा।
>
> 
>
> **धवल जायसवाल,** डीसीपी सिटी जोन

### राउंड द क्लॉक लगाई जाती थी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी

करंट क्राइम : एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौर्य ने जानकारी दी है कि इन लुटेरों को गिरफ्तार करने के लिए थाना प्रभारी अनुराग शर्मा के साथ ही ,इंस्पेक्टर अरुण यादव और चार चौकी प्रभारियों की टीम राउंड द क्लॉक लगाई जाती थी ताकि उनके द्वारा की जाने वाली वारदातों को रोका जा सके। साथ ही इनको गिरफ्तार करने में कैसे भी सफलता हासिल की जाए। अधिकारियों का कहना है कि इन आरोपियों के गिरफ्तार होने के बाद सिटी जोन के कवि नगर और मधुबन बापूधाम, सिहानी गेट और घंटाघर कोतवाली क्षेत्र में चेन लूट की वारदातों में कमी आ सकती है। साथ ही उनके अन्य सहयोगियों की पुलिस तलाश कर रही है जो वारदात करने में उनकी मदद किया करते थे।

# महिला थाना परिसर और क्राइम ब्रांच में तेजी से हो रहा आधुनिकीकरण

## डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने किया निरीक्षण, कार्यस्थलों को और बेहतर बनाने के दिए निर्देश

गाजियाबाद, करंट क्राइम : शनिवार को डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने अपराध शाखा, सेल, कार्यालय एवं परिवार परामर्श केंद्र का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न इकाइयों में चल रहे सुधार और आधुनिकीकरण कार्यों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। निरीक्षण के समय अपर पुलिस उपायुक्त अपराध, इंस्पेटर भी मौजूद रहे।



### महिला थाना परिसर की बदल रही तस्वीर, कार्यालयों को बनाया जा रहा हाईटेक



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद में आधुनिकरण अभियान के तहत महिला थाना परिसर में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए जा रहे हैं। अधिकारियों के कक्ष, सेल और पुराने कार्यालयों का पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। पुराने फर्नीचर को बदला जा रहा है तथा नए मॉड्यूलर और आधुनिक फर्नीचर लगाए जा रहे हैं। महिला परामर्श केंद्र को भी और अधिक सक्षम एवं हाईटेक बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। परिसर में कई प्रक्रियाएँ जल्द ही पूरी तरह कम्प्यूटरीकृत हो जाएँगी। इन बदलावों का उद्देश्य महिला थाना परिसर को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है।

### क्राइम ब्रांच और सिटी कैंटीन होगी पूरी तरह आधुनिक



करंट क्राइम : निरीक्षण के दौरान डीसीपी धवल जायसवाल ने क्राइम ब्रांच और क्राइम परिसर में चल रहे निर्माण व सुधार कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मियों की सुविधा के लिए बनाई जा रही नई कैंटीन अत्याधुनिक रूप में तैयार होगी।
- कैंटीन में आधुनिक पेंटिंग,
- दीवारों पर डेकोरेटिव वॉल-आर्ट,
- पुलिसकर्मियों के आराम के लिए आरामदायक कुर्सियाँ,
- साफ-सुथरा, सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा।

इससे पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान बेहतर ब्रेक और सुविधाएं मिलेंगी।

### कार्यस्थल बेहतर होंगे तो प्रदर्शन भी बेहतर होगा- डीसीपी सिटी

करंट क्राइम : निरीक्षण के बाद डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने कहा कि पुलिसकर्मियों के कार्यस्थल जितने बेहतर, साफ-सुथरे और आधुनिक होंगे, उनके कार्य करने की क्षमता और गुणवत्ता में उतना ही सुधार आएगा। उन्होंने बताया जब पुलिसकर्मी तनावमुक्त, सुव्यवस्थित और आधुनिक परिवेश में काम करेंगे, तो निश्चित रूप से उनका वर्किंग स्टाइल भी बदलेगा और उनका दबाव रहित होकर बेहतर प्रदर्शन सामने आएगा।

# युवती से दोस्ती कराने को कहा तो कर दी सीनियर की हत्या, दो गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** अक्तूबर में हुई एक कंपनी के कर्मचारी की हत्या के मामले में पुलिस ने युवक और युवती को गिरफ्तार किया। साथ ही इस हत्या की गुत्थी भी सुलझाने का दावा किया है। पुलिस प्रवक्ता एएसआई संदीप ने बताया कि यूपी के जिला अलीगढ़ के कैमथल गांव निवासी कुशलपाल और कासगंज के प्रहलादपुर गांव निवासी भावना वारदात से पहले कर्मचारी सोनपाल को चोरी की मोटरसाइकिल से मथुरा घुमाने की बात कहकर लेकर गए थे।

मामले में मृतक के साले ने सात अक्तूबर को पुलिस दी शिकायत में बताया था कि मथुरा के गोविंदपुर सरस्वती कुंड निवासी सोनपाल मानेसर के खोह गांव में किराये पर रहे थे। सेक्टर-5 में एक कंपनी में नौकरी करते थे।

चार अक्तूबर की सुबह करीब नौ बजे कंपनी गए। शाम करीब साढ़े चार बजे मैसेज किया था कि कंपनी से गेट पास ले लिया और घर के लिए निकल रहे हैं लेकिन वह घर नहीं पहुंचे। जब उनको फोन किया तो स्विच ऑफ था।

मामले में सेक्टर-सात आईएमटी मानेसर में नियुक्त उप-निरीक्षक सुभाष ने टीम के साथ मिलकर सोनपाल की तलाश करने के लिए जांच शुरू की थी।

# टूट गई नाले की दीवार और गिर गईं तीन कार

## पार्षद बोला मैं पत्र लिखकर कई बार लगा चुका हूं गुहार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजेन्द्र नगर के वार्ड संख्या 86 में नाले की दीदार अचानक टूटी और फिर नाले का स्लैब धंस गया। इसके धंसते ही स्लैब पर खड़ी तीन कार नाले में जा गिरी। विकास का ये नजारा जिसने देखा वो हैरान रह गया। इस मामले में क्षेत्र के पार्षद का कहना है कि वो कई बार पत्र लिखकर इस नाले की खस्ता हालत को लेकर गुहार लगा चुके हैं मगर कोई ध्यान नहीं दे रहा।

घटनाक्रम के अनुसार राजेन्द्र नगर के सेक्टर-2 के 6/84 का ये मामला है जहा शनिवार की सुबह लगभग 7.45 बजे अचानक नाले की दीवार गिरी और दीवार पर टिका स्लैब धंस गया और स्लैब पर खड़ी तीना कार नाले में जा गिरी। यहां लोगों का हुजूम लग गया और कारों को निकालने के लिए मौके पर क्रेन बुलानी पड़ी। तब जाकर इन कारों को बाहर निकाला गया। गनीमत ये रही कि उस समय कार में कोई सवार नहीं था और नाले के आस पास भी कोई नहीं था।

### कई बार की शिकायत मगर नहीं हुई सुनवाई : मदन राय

कंट क्राइम। क्षेत्रीय पार्षद मदन राय भाजपा के पार्षद हैं। उनके वार्ड में जब कार गिरी तो उन्होंने अपनी गुहार का मामला भी बताया। उन्होंने बताया कि मैं कई बार लिखित में इस नाले की खस्ता दीवार की शिकायत कर चुका हूं। ये कच्चा नाला है और मैंने पत्र लिखकर कई बार कहा कि इसे बनवाया जाये। लेकिन मेरे पत्रों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। शनिवार की सुबह मुझे जब नाले में कारों के गिरने की सूचना मिली तो मैं मौके पर पहुंचा। मैंने ही मौके पर क्रेन मंगाई और कारों को बाहर निकलवाया है। शुक्र ये रहा है कि उस समय कोई आस-पास नहीं था और एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

## संपादकीय

# भारत-भूटान संबंधों में नई ऊर्जा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूटान यात्रा ने दो असमान शक्तियों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों के एक मॉडल को प्रतिबिंबित किया। यह ऐसा मॉडल है जिसे भारत ने लगभग 7,92,000 लोगों के हिमालयी राजतंत्र के साथ लगातार बनाए रखा है। नेपाल के विपरीत, वर्ष 2008 में भूटान के चुनावी लोकतंत्र में परिवर्तन ने भारत के साथ संबंधों को अस्थिर नहीं किया है।

वर्ष 2007 में भूटान में राष्ट्रीय परिषद के लिए पहली बार प्रत्यक्ष चुनाव हुए थे। उस समय भारत-भूटान संधि में एक महत्त्वपूर्ण संशोधन किया गया और उस उपबंध को बदल दिया गया जिसमें कहा गया था कि भारत विदेशी मामलों में भूटान का ह्यमार्गदर्शनह्व करेगा। उसकी जगह लिखा गया कि दोनों देश ह्यएक दूसरे की स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मानह्व करेंगे। दोनों देश एक-दूसरे के खिलाफ अपने क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं करने देने पर भी सहमत हुए। इस उपबंध का परीक्षण साल 2017 में भूटान के डोकलाम क्षेत्र पर चीन के कब्जे के दौरान हुआ था। वर्ष 1960 के दशक से ही भूटान के साथ भारत के रचनात्मक और विश्वसनीय संबंधों के परिणाम निरंतर सौहार्दपूर्ण रहे हैं, जिससे इस पड़ोसी देश को शासन के संस्थानों और सैन्य क्षमता के निर्माण में मदद और विकास में उदार सहायता मिली है। भूटान की ओर से, चतुर्थ ड्रुक ग्यालपो या नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक, जिन्हें के4 के नाम से जाना जाता है, ने संबंधों को आगे बढ़ाया है। उन्होंने अपने साम्राज्य को संसदीय लोकतंत्र में बदलने की पहल की और फिर अपने पुत्र जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक (के5) की खातिर पद त्याग दिया था। मोदी की भूटान यात्रा के माहौल ने दोनों देशों के बीच पारंपरिक सभ्यतागत और रणनीतिक संबंधों को प्रतिबिंबित किया।

प्रधानमंत्री के 70वें जन्मदिन पर मुख्य अतिथि थे और उन्होंने बौद्ध कालचक्र सशक्तीकरण समारोह का उद्घाटन किया, जो वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम था। दिल्ली के लाल किले के पास हुए आतंकवादी विस्फोट के पीड़ितों के लिए के5 की अगुआई में थिम्पू में एक प्रार्थना समारोह आयोजित किया गया और पीएम मोदी ने भी उसमें हिस्सा लिया।

अन्य महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम में मोदी ने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड द्वारा निर्मित और भारत की वित्तीय मदद से तैयार 1,020 मेगावॉट की पुनात्सांगछु-2 जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन किया और देश में नई ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 4,000 करोड़ रुपये के ऋण देने की घोषणा की। चुखा, कुरिचु, ताला, मंगदेछु और पुनात्सांगछु-1 के साथ, जलविद्युत भारत-भूटान आर्थिक सहयोग के मुख्य स्तंभों में से एक रहा है। मोदी की यात्रा के दौरान एकीकृत भुगतान प्रणाली के दूसरे चरण सहित कई अन्य समझौते संपन्न हुए। एकीकृत भुगतान प्रणाली के दूसरे चरण सहित कई अन्य समझौते भी हुए। भारत ने वर्तमान नरेश की महत्त्वाकांक्षी शहरी विकास परियोजना, गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी, जो दक्षिणी भूटान में विकसित किया जा रहा एक विशेष प्रशासनिक क्षेत्र है, के लिए भी ठोस समर्थन दिया है। मोदी ने गेलेफू में निवेशकों और आगंतुकों की सुगम आवाजाही के लिए असम में एक आव्रजन जांच चौकी स्थापित करने की भी घोषणा की। मोदी की यात्रा के दौरान प्रदर्शित की गई हार्ड और सॉफ्ट पावर की ठोस भू-राजनीतिक वजह हैं और ये भूटान की सीमाओं पर उभरती महाशक्ति से संबंधित हैं। भूटान और चीन के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं क्योंकि चीन, ऐतिहासिक रूप से तिब्बत का हिस्सा बताते हुए भूटानी भूभाग के एक बड़े हिस्से पर अपना दावा करता है।

दलाई लामा के उत्तराधिकार को लेकर चीन की चिंता ने तनाव को और बढ़ा दिया था। भूटान ने वर्ष 2023 से सीमा वार्ता पर सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर कर, दलाई लामा से दूरी बनाए रखते हुए, तथा तिब्बत के संदर्भ में औपनिवेशिक अर्थ को बदलते हुए चीन की चिंताओं को दूर करने का प्रयास किया है। इस वर्ष, चीनी नववर्ष का जश्न भूटान की राजधानी थिम्पू में मनाया गया। ये कदम भले ही भूटान की व्यवहारिकता से प्रेरित हों, लेकिन ये भारत के लिए सतर्कता बरतने का एक संकेत हैं। इस लिहाज से मोदी की यात्रा को एक आवश्यक उपाय के रूप में देखा जा सकता है।

# खुदरा महंगाई दर में नरमी जारी रहने की उम्मीद

**भारत की सीपीआई मुद्रास्फीति इस साल अक्तूबर में साल-दर-साल आधार पर 0.25 प्रतिशत के सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गई। ऐसा खाने-पीने के चीजों की कीमतों में गिरावट के कारण हुआ। इस दौरान सब्जियों, दालों और मसालों की कीमतों में नरमी दिखी। फल और तेल भी सस्ता हुआ। एसबीआई रिसर्च ने अपनी एक रिपोर्ट में इस स्थिति को आरबीआई के लिए चुनौतीपूर्ण बताया है।**



**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों को छोड़ दें तो खुदरा महंगाई दर अगले दो महीनों में नकारात्मक रहने की उम्मीद है। भारत के लिहाज से महंगाई दर में आई यह कमी असामान्य है। भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी एक रिसर्च रिपोर्ट में यह बात कही है।

एसबीआई रिसर्च के अनुसार, भारत की सीपीआई मुद्रास्फीति इस साल अक्तूबर में साल-दर-साल आधार पर 0.25 प्रतिशत के सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गई। ऐसा खाने-पीने के चीजों की कीमतों में गिरावट के कारण हुआ। इस दौरान सब्जियों, दालों और मसालों की कीमतों में नरमी दिखी। फल और तेल भी सस्ता हुआ।

**कोर सीपीआई अक्तूबर में 4.33 प्रतिशत पर काफी हद तक स्थिर :** हालांकि, सोने की बढ़ी कीमतों के कारण पर्सनल केयर से जुड़े उत्पादों कीमतों को बढ़ा दिया। इसके असर से मुद्रास्फीति का प्रभाव 57.8 प्रतिशत तक बढ़ गया। सोने को छोड़कर, हेडलाइन सीपीआई -0.57 प्रतिशत पर चला गया।

सितंबर में 4.36 प्रतिशत की तुलना में अक्तूबर में कोर सीपीआई 4.33 प्रतिशत पर काफी हद तक स्थिर रहा। अनुमानों में इसमें 65-75 आधार अंकों की नरमी का अनुमान लगाया गया था, लेकिन इसमें लगभग 85 आधार अंकों की कमी दर्ज की गई।

एसबीआई रिसर्च के अनुसार राज्यवार देखें को महंगाई का पैटर्न असमान बना हुआ है। केरल में सबसे अधिक 8.56 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर्ज की गई, उसके बाद जम्मू और कश्मीर में 2.95 प्रतिशत और कर्नाटक में 2.34 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर्ज की गई।

**22 राज्यों में से 12 में महंगाई का स्तर नकारात्मक :** 22 राज्यों में से 12 में नकारात्मक मुद्रास्फीति दर्ज की गई है, जबकि केरल को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में मुद्रास्फीति 3 प्रतिशत से नीचे है। कीमतों में गिरावट का यह रुख वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में 7 प्रतिशत से अधिक की जीडीपी वृद्धि के साथ, दिसंबर एमपीपीस से पहले आरबीआई के लिए एक जटिल चुनौती जैसी स्थिति बनाता है।

एसबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि विकास को समर्थन देने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के बीच का संतुलन बनाए रखना आरबीआई के लिए चुनौती होगी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि नवंबर और दिसंबर के मुद्रास्फीति आंकड़े, तीसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े, और नई सीपीआई और जीडीपी के आंकड़े नीतिगत निर्णयों को भावित करेंगे।

**एमपीसी के दौरान अधिक चौकस संवाद की जरूरत :** रिपोर्ट में आगे इस बात पर जोर दिया गया है कि आरबीआई के अक्तूबर में यथास्थिति बनाए रखने के फैसले ने उसके लिए बदलाव की गुंजाइश कम कर दी है।

# भारत-वेनेजुएला महत्वपूर्ण खनिजों के लिए करेंगे सहयोग



**नई दिल्ली।** वेनेजुएला ने भारत के साथ महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए इच्छा जताई है। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और वेनेजुएला के पारिस्थितिकी खनन विकास मंत्री हेक्टर सिल्वा के बीच हुई बैठक में इस पर चर्चा की गई।

**तेल क्षेत्र से परे आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर रुचि :** बैठक के दौरान वेनेजुएला पक्ष ने भारत के साथ तेल क्षेत्र से परे आर्थिक सहयोग बढ़ाने में रुचि व्यक्त की। इसमें महत्वपूर्ण खनिजों में सहयोग और भारतीय निवेश आकर्षित करना शामिल है।

गोयल ने भारत-वेनेजुएला संयुक्त समिति तंत्र को दोबारा सक्रिय करने की जरूरत पर बल दिया, जिसकी अंतिम बैठक एक दशक पहले हुई थी। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला में ओएनजीसी के चल रहे परिचालन से खनन और अन्वेषण में गहन सहयोग की संभावना है। उन्होंने सुझाव दिया कि वेनेजुएला दवा व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए भारतीय फामार्कोपिया को स्वीकार करने पर विचार कर सकता है और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर प्रकाश डाला।

## आंध्र में लॉजिस्टिक्स डिजिटलीकरण के लिए समझौता हुआ

**आंध्र प्रदेश में लॉजिस्टिक्स परिदृश्य को डिजिटल बनाने के लिए हुआ समझौता :** एक अलग बयान में, मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम लिमिटेड, लॉजिस्टिक्स डेटा सर्विसेज लिमिटेड और आंध्र प्रदेश सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म का उपयोग करके राज्य के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को पूरी तरह डिजिटल रूप देना है।

एमओयू के तहत आंध्र प्रदेश में एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा, जो सरकारी और निजी क्षेत्र के सभी हितधारकों को लॉजिस्टिक्स की गतिविधियों और प्रदर्शन सूचकांकों की रियल-टाइम जानकारी उपलब्ध कराएगा।

## राशिफल

**मेष :** रोजगार प्राप्त होगा। ऐश्वर्य के साधन जुटेंगे। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। बड़ा लाभ होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृष :** रचनात्मक कार्य पूर्ण होंगे। कार्य से लाभ होगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन से लाभ में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक मतभेद बढ़ सकते हैं। दूसरों की भावना का खयाल रखें।

**कर्क :** बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। अपेक्षित कार्य समय पर पूर्ण होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। सुख के साधनों पर खर्च होगा। पार्टनरों से मतभेद खत्म होंगे।

**सिंह :** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। बुरी खबर मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य प्रभावित होगा। घर-बाहर तनाव रहेगा। सामंजस्य बैठाएं।

**कन्या :** बिगड़े काम बनेंगे। प्रयास सफल रहेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** जल्दबाजी करने व विवाद से बचें। राजकीय बाधा से सामना करना पड़ सकता है। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**वृश्चिक :** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मनोरंजक यात्रा होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। किसी पारिवारिक कार्यक्रम में भाग लेना पड़ सकता है।

**धनु :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। दूसरों पर भरोसा न करें। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों से मतभेद हो सकता है।

**मकर :** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। नए काम की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ :** आर्थिक नीति में परिवर्तन संभव है। कार्यस्थल पर सुधार होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। नए कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा। सहयोग प्राप्त होगा।


**मीन :** घर-परिवार में कोई बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। तीर्थयात्रा की योजना कार्यरूप लेगी। संत-महात्मा के दर्शन होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

## चुटकुले

पागलखाने में एक डॉक्टर मरीजों से घूम-घूमकर मिल रहा था
एक मरीज के पास वह पहुंचा, तो वह मरीज बोला
डॉक्टर साहब- आप पिछले डॉक्टर से ज्यादा अच्छे हैं.
डॉक्टर मरीज की बात सुनकर खुश हुआ और पूछा-
कैसे लगा कि मैं अच्छा हूं?
मरीज उत्साहित होते हुए बोला- आप हम लोगों के जैसे ही लगते हैं!

आधी रात को चोर शराब पीकर सड़क पर जा रहा था,
एक पुलिस वाले ने रोक कर पूछा कहां जा रहे हो?
चोर- दारू पीने से होने वाले नुकसान पर प्रवचन सुनने,
पुलिस वाला- इतनी रात को क्या तुम्हारे पिताजी प्रवचन देंगे?
चोर- नहीं, साहब बीवी देगी!

# सोना 1500 रुपये गिरकर 1.29 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर



**नई दिल्ली।** फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों के बाद कमजोर वैश्विक रुख के कारण शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 1,500 रुपये की गिरावट के साथ 1,29,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अधिकारियों ने संकेत दिया कि ताजा आर्थिक आंकड़ों के अभाव में ब्याज दरों में और कटौती में देरी हो सकती है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु का भाव 1,500 रुपए घटकर 1,28,800 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। वहीं चांदी की कीमत भी 4,200 रुपये की गिरावट के साथ 1,64,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

**ब्याज दरों में कटौती को लेकर अनिश्चितता बढ़ने से सोने में नरमी आई :** एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि फेडरल रिजर्व की अगली ब्याज दर कटौती को लेकर अनिश्चितता बढ़ने से सप्ताह के अंत में सोने में नरमी आई। उन्होंने कहा कि ताजा आर्थिक आंकड़ों की कमी के कारण फेड के अधिक अधिकारी सतर्क हो गए हैं, क्योंकि सरकारी एजेंसियां 1 अक्तूबर से शटडाउन संबंधी देरी से प्रभावित हैं।

**वैश्विक बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में आई गिरावट :** विदेशी बाजार में सोना हाजिर 33.58 डॉलर या करीब एक प्रतिशत गिरकर 4,137.88 डॉलर प्रति औंस पर आ गया जबकि चांदी हाजिर 0.49 प्रतिशत गिरकर 52.03 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।

एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट (कमोडिटी एंड करेंसी) जतीन त्रिवेदी ने कहा कि फेडरल रिजर्व के सदस्यों की टिप्पणियों के कारण सोने की कीमतें कमजोर रहीं, क्योंकि नए आर्थिक आंकड़ों की कमी से ब्याज दरों में और कटौती में देरी हो सकती है। इससे सराफा बाजार में धारणा कमजोर हुई। डॉलर इंडेक्स मजबूत हुआ, जिससे सोने पर अतिरिक्त दबाव पड़ा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- इंसान की सबसे छोटी हड्डी कान में होती है।
- बिल्लियां अपनी जिंदगी का 66 प्रतिशत हिस्सा सोते हुए गुजारती हैं।
- स्विट्जरलैंड में दुनिया में सबसे अधिक चॉकलेट खाई जाती है। यहां हर व्यक्ति एक साल में 10 किलो के औसत से चॉकलेट खाता है।
- पैसा ऐसी पहले नंबर की चीज है जिसके बारे में जोड़े सबसे अधिक बहस करते हैं।
- जब आसमान की बिजली गिरती है तब तापमान 30,000 डिग्री तक हो सकता है।
- हर बार जब भी आप पूरा चांद देखते हैं हर बार इसकी एक ही साइड ही दिखती है।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।

16 11 2025 करंट क्राइम

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

## आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा ट्रेड: सीएसके के हुए संजू सैमसन

## चेन्नई ने जडेजा और करन के बदले किया सौदा




**चेन्नई ने अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और सैम करन के बदले राजस्थान के साथ सैमसन को ट्रेड किया है। सीएसके ने शनिवार को इस डील की पुष्टि कर दी है।**

### सीएसके के अहम सदस्य थे जडेजा



रवींद्र जडेजा 2012 से सीएसके के मुख्य खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। यह ऑलराउंडर 2018, 2021 और 2023 में तीन आईपीएल विजेता सीएसके टीम का हिस्सा रहा है। जडेजा ने सीएसके के लिए 150 से ज्यादा विकेट लिए हैं और टीम के लिए 2300 से ज्यादा रन भी बनाए हैं। संजू सैमसन के पास अपार अनुभव हैं। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 4500 से ज्यादा रन बनाए हैं। सैमसन एक दशक से भी ज्यादा समय से आईपीएल खेल रहे हैं और उन्होंने टूर्नामेंट में दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व किया है। सैमसन ने पांच आईपीएल सीजन (2021 से 2025 तक) में राजस्थान रॉयल्स का नेतृत्व किया है। उनके नेतृत्व में राजस्थान रॉयल्स 2022 सीजन के फाइनल में पहुंची थी। दूसरी तरफ, सैम करन 2021 में आईपीएल जीतने वाली सीएसके टीम का हिस्सा थे। इंग्लैंड के इस ऑलराउंडर ने आईपीएल 2020, 2021 और 2025 में सीएसके का प्रतिनिधित्व किया है। करन ने आईपीएल में चेन्नई के लिए 28 मैचों में हिस्सा लिया है और 356 रन बनाने के साथ ही 23 विकेट भी लिए हैं।

### सीएसके ने बताया सबसे कठिन फैसला

सीएसके के प्रबंध निदेशक केएस विश्वनाथन ने कहा, किसी भी टीम के सफर में बदलाव कभी आसान नहीं होता। रवींद्र जडेजा जैसे खिलाड़ी, जो एक दशक से भी ज्यादा समय से फ्रेंचाइजी का अभिन्न अंग रहे हैं और सैम करन जैसे खिलाड़ी को टीम से बाहर करना टीम के इतिहास में लिए गए सबसे मुश्किल फैसलों में से एक है। यह निर्णय जडेजा और करन दोनों के साथ आपसी समझ से लिया गया। हम जडेजा के असाधारण योगदान और उनके द्वारा छोड़ी गई विरासत के लिए अत्यंत आभारी हैं। हम जडेजा और करन दोनों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। हम संजू सैमसन का भी स्वागत करते हैं जिनकी कुशलता और उपलब्धियां हमारी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करती हैं। यह निर्णय बहुत सोच-समझकर, सम्मानपूर्वक और दीर्घकालिक दृष्टि से लिया गया है।

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन आईपीएल 2026 सीजन से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में शामिल हो गए हैं। चेन्नई ने अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और सैम करन के बदले राजस्थान के साथ सैमसन को ट्रेड किया है। सीएसके ने शनिवार को इस डील की पुष्टि कर दी है। राजस्थान ने जडेजा को 14 करोड़ रुपये और करन को 2.4 करोड़ रुपये में ट्रेड किया है। वहीं, सैमसन 18 करोड़ रुपये की फीस पर चेन्नई से जुड़े हैं।

आईपीएल 2026 के लिए होने वाली मिनी नीलामी से पहले सभी टीमों को शनिवार तक रिटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची सौंपनी है। इससे पहले ही सीएसके ने जडेजा और करन के बदले सैमसन को ट्रेड करने का एलान कर दिया है। सैमसन और जडेजा को लेकर सीएसके और राजस्थान के बीच डील पहले ही पक्की हो गई थी और अब इसका आधिकारिक एलान भी गया है।

# रवींद्र जडेजा ने टेस्ट में हासिल की विशेष उपलब्धि

**कपिल देव के बाद ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय**



**जडेजा टेस्ट क्रिकेट में 4000 रन और 300 विकेट लेने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। दुनिया के शीर्ष ऑलराउंडर जडेजा ने यह उपलब्धि कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन हासिल की है।**

**कोलकाता।** भारतीय टीम के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच की पहली पारी के दौरान विशेष उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। जडेजा टेस्ट क्रिकेट में 4000 रन और 300 विकेट लेने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। दुनिया के शीर्ष ऑलराउंडर जडेजा ने यह उपलब्धि कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन हासिल की है।

### एलीट सूची में शामिल हुए जडेजा

जडेजा टेस्ट प्रारूप में यह उपलब्धि हासिल करने वाले कपिल देव के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। अपना 88वां टेस्ट मैच खेल रहे जडेजा को 4000 टेस्ट रन पूरे करने के लिए 10 रनों की जरूरत थी। दूसरे दिन जैसे ही उन्होंने 10 रन बनाए, उनके टेस्ट में 4000 रन पूरे हो गए और जडेजा इस विशेष सूची में शामिल हो गए। जडेजा से पहले कपिल देव, इयान बाथम और डेनियल विटोरी टेस्ट में 4000 रन और 300 विकेट लेने की उपलब्धि अपने नाम कर चुके हैं।

### भारत ने हासिल की मामूली बढ़त

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की पहली पारी दूसरे दिन समाप्त हो गई। भारत ने पहली पारी में 189 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका पर 30 रनों की मामूली बढ़त हासिल की। भारतीय कप्तान शुभमन गिल बल्लेबाजी करते हुए चोटिल हो गए थे जिस कारण वह रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे। इसके बाद वह बल्लेबाजी के लिए नहीं उतर सके जिस कारण नौ विकेट गिरने के बाद भारत की पहली पारी समाप्त हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 159 रन बनाए थे।

भारत के लिए केएल राहुल ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए, जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 29 रनों की पारी खेली। राहुल और वाशिंगटन के बीच दूसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी हुई। भारत की ओर से ऋषभ पंत ने 27, रवींद्र जडेजा ने 27, अक्षर पटेल ने 14, ध्रुव जुरेल ने 14, यशस्वी जायसवाल ने 12, कुलदीप यादव ने 1, मोहम्मद सिराज ने 1 और जसप्रीत बुमराह ने नाबाद 1 रन बनाए। वहीं, गिल चार रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए थे।

### सबसे तेजी से इस मुकाम पर पहुंचने वाले दूसरे खिलाड़ी

जडेजा सबसे तेजी से इस मुकाम पर पहुंचने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। जडेजा ने 88 टेस्ट मैचों में यह उपलब्धि हासिल की है। सिर्फ बॉथम इस मामले में उनसे आगे हैं जिन्होंने 72वें टेस्ट मैच में 4000 रन और 300 विकेट पूरे किए थे। बल्ले से उनका औसत 38 से अधिक है।

# मुंबई से छूटा अर्जुन तेंदुलकर का साथ, शमी भी हैदराबाद से हुए अलग



**आईपीएल 2026 के लिए होने वाली मिनी नीलामी से पहले सभी 10 फ्रेंचाइजी को खिलाड़ियों के रिटेन और रिलीज की सूची सौंपनी है। इसके लिए शनिवार आखिरी दिन है।**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर का साथ मुंबई इंडियंस से छूट गया है। आईपीएल 2026 के लिए होने वाली मिनी नीलामी से पहले सभी 10 फ्रेंचाइजी को खिलाड़ियों के रिटेन और रिलीज की सूची सौंपनी है। इसके लिए शनिवार आखिरी दिन है। इससे पहले मुंबई इंडियंस ने अर्जुन को लखनऊ सुपर जाएंट्स में ट्रेड कर दिया है। अर्जुन आईपीएल के आगामी सीजन में लखनऊ की जर्सी में खेलते नजर आएंगे। लखनऊ ने अर्जुन को 30 लाख रुपये देकर टीम में जोड़ा है। आइए जानते हैं फ्रेंचाइजी ने किन खिलाड़ियों को ट्रेड किया है...

**टक ने अर्जुन को दी शुभकामनाएं:** मुंबई इंडियंस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, मुंबई इंडियंस परिवार का एक मूल्यवान सदस्य बनने के लिए धन्यवाद, अर्जुन! मुंबई इंडियंस में हर कोई लखनऊ सुपर जाएंट्स के साथ आपकी यात्रा के अगले अध्याय के लिए आपको शुभकामनाएं देता है। हमें आपके विकास का हिस्सा बनने पर गर्व है और हम आपके निरंतर प्रगति और अपनी पहचान बनाने के अवसरों को देखने के लिए उत्सुक हैं।

**मुंबई से फिर जुड़े मयंक मार्कंडे**

लेग स्पिनर मयंक मार्कंडे एक बार फिर मुंबई इंडियंस के साथ जुड़ गए हैं।

आईपीएल 2026 से पहले मुंबई ने मार्कंडे को टीम में शामिल किया है। मुंबई ने मयंक को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से ट्रेड किया है। मयंक मुंबई में 30 लाख रुपये की फीस पर शामिल हुए हैं। केकेआर ने उन्हें इतने मूल्य पर ही खरीदा था। मार्कंडे ने अपना करियर मुंबई इंडियंस के साथ शुरू किया था और 2018, 2019 और 2022 में इस फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया था।

**लखनऊ के हुए शमी:** सनराइजर्स हैदराबाद के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अब लखनऊ सुपर जाएंट्स में शामिल हो गए हैं। लखनऊ ने सनराइजर्स से शमी को ट्रेड किया है। शमी को सनराइजर्स ने 10 करोड़ रुपये में खरीदा था और वह अपनी निर्धारित फीस पर लखनऊ से जुड़े हैं।

**नीतीश को दिल्ली ने किया ट्रेड**

अनुभवी बल्लेबाज नीतीश राणा आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। दिल्ली ने नीतीश को राजस्थान रॉयल्स से 4.2 करोड़ रुपये में ट्रेड किया है।

# कप्तान शुभमन गिल की चोट ने बढ़ाई भारत की चिंता, रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर गए



**भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गिल की चोट पर जानकारी दी है। बीसीसीआई ने बताया कि गिल को गर्दन में मोच आई है और बोर्ड की मेडिकल टीम उनकी जांच कर रही है। आज उनके खेलने पर फैसला उनकी प्रगति को देखते हुए लिया जाएगा।**

**कोलकाता।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल की चोट ने भारत की चिंता बढ़ा दी है। गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए। गिल ने पहली पारी में तीन गेंदों का सामना किया, लेकिन चोट के कारण उन्हें मैदान से बाहर लौटना पड़ा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गिल की चोट पर जानकारी दी है। बीसीसीआई ने बताया कि गिल को गर्दन में मोच आई है और बोर्ड की मेडिकल टीम उनकी जांच कर रही है। आज उनके खेलने पर फैसला उनकी प्रगति को देखते हुए लिया जाएगा।

भारत की पहली पारी समाप्त

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की पहली पारी दूसरे दिन समाप्त हो गई। भारत ने पहली पारी में 189 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका पर 30 रनों की मामूली बढ़त हासिल की। भारतीय कप्तान शुभमन गिल बल्लेबाजी करते हुए चोटिल हो गए थे जिस कारण वह रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे। इसके बाद वह बल्लेबाजी के लिए नहीं उतर सके जिस कारण नौ विकेट गिरने के बाद भारत की पहली पारी समाप्त हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 159 रन बनाए थे।

भारत के लिए केएल राहुल ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए, जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 29 रनों की पारी खेली। राहुल और वाशिंगटन के बीच दूसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी हुई। भारत की ओर से ऋषभ पंत ने 27, रवींद्र जडेजा ने 27, अक्षर पटेल ने 14, ध्रुव जुरेल ने 14, यशस्वी जायसवाल ने 12, कुलदीप यादव ने 1, मोहम्मद सिराज ने 1 और जसप्रीत बुमराह ने नाबाद 1 रन बनाए। वहीं, गिल चार रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए थे। दक्षिण अफ्रीका के लिए सिमोन हार्मर ने चार विकेट झटके, जबकि मार्को यानसेन को तीन सफलता मिली। केशव महाराज और कॉर्बिन बॉश ने एक-एक विकेट लिया।

गर्दन में मोच आने के बाद हुए रिटायर्ड हर्ट

दरअसल, गिल साइमन हार्मर की गेंद पर स्लॉग स्वीप करने के प्रयास में गर्दन में मोच आने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए। उन्होंने हार्मर को बैकवर्ड स्क्वायर लेग के ऊपर से चौका मारा, लेकिन इस दौरान उनकी गर्दन में जकड़न पैदा हो गई। फिजियो तुरंत ही मैदान पर पहुंचे लेकिन इस स्टार बल्लेबाज को रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटना पड़ा। यह घटना ड्रिंक्स ब्रेक के बाद 35वें ओवर में घटी। बीसीसीआई ने हालांकि, उनकी चोट पर जानकारी दी है, लेकिन यह नहीं बताया है कि गिल की चोट कितनी गंभीर है।

# सेमीफाइनल में केंटा निशिमोता से हारे लक्ष्य सेन, जापान मास्टर्स में सफर हुआ समाप्त



कुमामोतो। निशिमोता ने भारतीय शटलर को 77 मिनट में तीन गेम तक चले मुकाबले में हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य निशिमोता से 19-21, 21-14, 12-21 से हार गए।

भारत के स्टार एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन का जापान मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार सफर सेमीफाइनल में समाप्त हो गया है। लक्ष्य को सेमीफाइनल में जापान के केंटा निशिमोता से हार मिली और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। निशिमोता ने भारतीय शटलर को 77 मिनट में तीन गेम तक चले मुकाबले में हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य निशिमोता से 19-21, 21-14, 12-21 से हार गए। सेन का अपने इस प्रतिद्वंदी के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा था, लेकिन अंतिम गेम में गलतियों के कारण वह इसको बेहतर करने में नाकाम रहे। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य ने शुरूआती गेम में मिली हार से उबरते हुए निर्णायक गेम तक का सफर तय किया, लेकिन तीसरे गेम में वह पूरी तरह से लय में नहीं दिखे। यह मुकाबला दो बराबरी के खिलाड़ियों के बीच था लेकिन जापानी खिलाड़ी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच धैर्य बनाए रखा और आखिर में फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे।

# अपने जीवन की पहली कमाई पाकर भावुक हो गईं थीं हरमनप्रीत, पिता को सौंपा था चेक; सुनाई दास्तां



**हरमनप्रीत ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत के दौर में खिलाड़ियों को एक टूर के लिए एक लाख रुपये फीस मिलती थी और टीडीएस कटने के बाद यह राशि करीब 90,000 रुपये रह जाती थी। उन्होंने कहा, 'यह मेरी पहली कमाई थी, इसलिए मुझे लगा जैसे मैं दुनिया की सबसे अमीर इंसान हूं।'**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की कप्तान और हाल ही में विश्व कप जीतने वाली हरमनप्रीत कौर ने अपनी पहली कमाई को याद करते हुए भावुक होकर कहा कि उस समय उन्हें लगा था जैसे वह दुनिया की सबसे अमीर इंसान हैं। पीटीआई मुख्यालय में अपनी क्रिकेट यात्रा पर बातचीत करते हुए हरमनप्रीत की आंखें उस पल को याद कर नम हो गईं।

### 90 हजार थी पहली कमाई

हरमनप्रीत ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत के दौर में खिलाड़ियों को एक टूर के लिए एक लाख रुपये फीस मिलती थी और टीडीएस कटने के बाद यह राशि करीब 90,000 रुपये रह जाती थी। उन्होंने कहा, 'यह मेरी पहली कमाई थी, इसलिए मुझे लगा जैसे मैं दुनिया की सबसे अमीर इंसान हूं।' उन्होंने बताया कि 2009 में वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू और 2014 में इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट टीम में जगह बनाना उनके करियर के अहम पड़ाव रहे। इंग्लैंड के खिलाफ आठ नए खिलाड़ियों वाली भारतीय टीम द्वारा छह विकेट से हासिल जीत को वह आज भी यादगार मानती हैं।

### पिता को सौंपी पहली कमाई

पंजाब के मोगा की इस धाकड़ बल्लेबाज ने कहा कि अपनी पहली कमाई का चेक उन्होंने अपने पिता हरमंदर सिंह भुल्लर को सौंप दिया था, जो स्थानीय अदालत में क्लर्क और खेल प्रेमी रहे हैं। हरमनप्रीत ने कहा, 'मेरे पिता ही हमेशा मुझमें निवेश करते रहे थे। पहली बार मुझे लगा कि मैं उन्हें कुछ वापस दे पा रही हूं। चाहे रकम बड़ी हो या छोटी, वह उससे कहीं ज्यादा उसके हकदार थे।'

हरमनप्रीत ने यह भी बताया कि उनके पिता ने हमेशा उन्हें क्रिकेट के लिए प्रेरित किया और उनके लिए 'अच्छी बल्लेबाजी' लिखी एक शर्ट भी खरीदी थी, जो उस समय उनके लिए थोड़ी बड़ी थी, लेकिन उत्साह का स्रोत बनी रही।

विश्व कप जीतने वाले कप्तान के रूप में हरमनप्रीत का मानना है कि उनकी यात्रा कई उतार-चढ़ावों के बावजूद सीख और प्रेरणा से भरी रही है, जिसमें उनकी पहली कमाई का पल आज भी दिल में खास जगह रखता है।

# टेस्ट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बने ऋषभ पंत

## सहवाग-रोहित जैसे दिग्गजों को पछाड़ा

**कोलकाता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच जारी कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह इस प्रारूप में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए। भारत के लिए पहली पारी में पंत ने दो छक्के और इतने ही चौके लगाए।

**पंत बने 'सिक्सर किंग'**

भारत की पहली पारी में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए पंत ने 24 गेंदों में 27 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से दो गगनचुंबी छक्के निकले। इसी के साथ वह टेस्ट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए। अब उनके नाम 83 टेस्ट पारियों में 92 छक्के दर्ज हैं जबकि पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने 180 पारियों में 91 छक्के लगाए। इस मामले में तीसरे स्थान पर पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैं जिन्होंने 116 पारियों में 8 छक्के ठोके।


**भारत की पहली पारी**

भारत ने पहली पारी में 189 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका पर 30 रनों की मामूली बढ़त हासिल की। भारतीय कप्तान शुभमन गिल बल्लेबाजी करते हुए चोटिल हो गए थे जिस कारण वह रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे। इसके बाद वह बल्लेबाजी के लिए नहीं उतर सके जिस कारण नौ विकेट गिरने के बाद भारत की पहली पारी समाप्त हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 159 रन बनाए थे। भारत के लिए केएल राहुल ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए, जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 29 रनों की पारी खेली।

राहुल और वाशिंगटन के बीच दूसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी हुई। भारत की ओर से ऋषभ पंत ने 27, रवींद्र जडेजा ने 27, अक्षर पटेल ने 14, ध्रुव जुरेल ने 14, यशस्वी जायसवाल ने 12, कुलदीप यादव ने 1, मोहम्मद सिराज ने 1 और जसप्रीत बुमराह ने नाबाद 1 रन बनाए। वहीं, गिल चार रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए थे। दक्षिण अफ्रीका के लिए सिमोन हार्मर ने चार विकेट झटके, जबकि मार्को यानसेन को तीन सफलता मिली। केशव महाराज और कॉर्बिन बॉश ने एक-एक विकेट लिया।



**भारत की पहली पारी में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए पंत ने 24 गेंदों में 27 रन बनाए, इसी के साथ वह टेस्ट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए**




# सादगी और परोपकार के संदेश के साथ मनाया मास्टर गौरांग का जन्मदिन














गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप के सुपौत्र तथा सिद्धार्थ कश्यप के पुत्र गौरांग कश्यप का जन्मदिन सादगी और परोपकार के संदेश के साथ मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर जहां सभी ने गौरांग कश्यप को उनके जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना के साथ बधाई, शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। वहीं गौरांग कश्यप के जन्मदिन पर जनसेवा, परोपकार और सेवा का संदेश देते हुए एक भंडारे का भी आयोजन किया गया। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप के सुपौत्र गौरांग कश्यप के जन्मदिन पर गणमान्य लोगों ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया।

# 'समाधान दिवस को बना रखा है नौटंकी'
## मंडलायुक्त ने एसडीएम-तहसीलदार को लगाई फटकार, गड़बड़ी देख फील्ड पर भेजा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मंडलायुक्त भानूचंद्र गोस्वामी ने एसडीएम सदर, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को फटकार लगाते हुए कहा कि आप लोगों ने संपूर्ण समाधान दिवस को नौटंकी बना रखा है। मंडलायुक्त शनिवार को नेहरू नगर स्थित सामुदायिक भवन में चल रहे संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे। शिकायत रजिस्टर और उसके निस्तारण की रिपोर्ट में गड़बड़ी देखते हुए उन्होंने एसडीएम सदर, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के आदेश दिए। साथ ही सी केटेगरी वाली सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए पूरी टीम को फील्ड में जाकर शाम तक निस्तारण करने के आदेश दिए जिसके बाद सभी अधिकारी शाम तक बैठ कर कार्य करते रहे। मंडलायुक्त ने कहा कि फर्जी निस्तारण दिखाया जा रहा है और मौके पर कार्य नहीं किया जा रहा है। उन्होंने जिस शिकायत पर निस्तारित की रिपोर्ट लगाई गई थी उस शिकायतकर्ता को फोन लगवाकर



फीडबैक लिया जिसमें उसने बताया कि उसकी शिकायत का निस्तारण नहीं हुआ और कोई टीम मौके पर नहीं पहुंची है। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने चार शिकायतों को चेक किया और फोन लगवाया। उसमें से तीन का संतोषजनक जवाब नहीं मिला एक व्यक्ति ने बताया कि उसका कार्य हो गया है। मंडलायुक्त ने एसडीएम सदर को आदेश दिया कि रजिस्टर में जितने भी सी केटेगरी की शिकायतें हैं टीम भेजकर मौके पर निरीक्षण कराएं और उसकी रिपोर्ट शाम तक भेजी जाए। मंडलायुक्त के जाने के बाद समाधान दिवस में आए सभी विभागों के अधिकारियों को शाम तक रोका गया और लगभग 16 शिकायतों का निस्तारण करने के लिए टीम के फील्ड में भेजा गया।

# बिहार में एनडीए की बंपर जीत पर
## पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला के कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की बंपर जीत का जश्न मनाया।

पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला के भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

पूर्व महामंत्री उमा शंकर तोमर ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्र एवं राज्य सरकारों की नीतियों में जनता के विश्वास की अभिव्यक्ति है। बिहार की जनता ने महागठबंधन को स्पष्ट संदेश दिया है कि वे सकारात्मक राजनीति, विकास तथा पारदर्शी शासन को प्राथमिकता देती है। पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा कि यह विजय जनता की विजय है और बिहार के विकास की गति अब और अधिक गति पकड़ेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य में रोजगार, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रशान्त राघव, अनिल मेहंदीरत्ता, मनोज डागा, संजीव शर्मा, दिनेश सिंह, सुनील शर्मा मास्टर, आशीष पांडेय, दिव्यांस भटनागर, कविता सिंह, अपर्णा मिश्रा, आनंद, मुकेश सिंह, सोमेश नागपाल, किशोर ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# बिहार में एनडीए की जीत से रोजगार और अपराध में आएगी कमी : डॉ. पी. कुमार

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** एसोचैम यूपी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. पी. कुमार ने बिहार में एनडीए की जीत पर कहा कि इस जीत से बिहार की जनता को शिक्षा और उद्योग जगत में रोजगार के अवसर मिलेंगे और अपराध पर अंकुश लगेगा।



डॉ. पी. कुमार ने कहा, बिहार में एनडीए की जीत से राज्य में विकास की एक नई शुरुआत होगी। इससे शिक्षा और उद्योग जगत में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और अपराध पर अंकुश लगेगा।

उन्होंने कहा, एनडीए सरकार की नीतियों से बिहार में उद्योगों का विकास होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इससे राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और लोगों का जीवन स्तर ऊंचा होगा। डॉ. पी. कुमार ने कहा, एनडीए सरकार की जीत से बिहार में अपराध पर अंकुश लगेगा और राज्य में शांति और सुरक्षा की स्थिति में सुधार होगा। इससे राज्य में निवेश बढ़ेगा और विकास की गति तेज होगी।

# जेवर-खुर्जा मार्ग होगा 10 मीटर चौड़ा, सरकार ने 41 करोड़ की मंजूरी दी; जल्द शुरू होगा चौड़ीकरण

**जेवर करंट क्राइम।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की वजह से लगातार बढ़ते वाहनों के दबाव और खुर्जा-बुलंदशहर से कनेक्टिविटी को आसान बनाने के लिए जेवर-खुर्जा मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। सड़क चौड़ीकरण पर सरकार 41 करोड़ की रुपए खर्च होंगे। शासन से पहली किस्त के रूप में चार करोड़ रुपए की धनराशि की स्वीकृति भी दे दी है। इसके बाद जल्द ही इसके चौड़ीकरण की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। वर्तमान में यह मार्ग सात मीटर चौड़ा है इसके दोनों तरफ डेढ़-डेढ़ मीटर सड़क को बढ़ाते हुए 10 मीटर किया जाएगा।



### लोक निर्माण विभाग की तरफ से प्रस्ताव भेजा

जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जेवर से खुर्जा तक जाने वाला मार्ग इस समय बेहद व्यस्त मार्गों में से है। इसके चौड़ीकरण के लिए कुछ समय पहले उन्होंने लोक निर्माण विभाग की तरफ से प्रस्ताव भेजा था।

इस प्रस्ताव को शुक्रवार को शासन ने मंजूरी देते हुए जहांगीरपुर तक 15.433 किमी मार्ग के हिस्से के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 41 करोड़ एक लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

साथ ही, चालू वित्तीय वर्ष में पहली किस्त के रूप में चार करोड़ 41 हजार रुपए की पहली किस्त भी जारी कर दी हैं। लोक निर्माण विभाग जल्द ही इसकी टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करते हुए काम शुरू कराएगा।

### खुर्जा-बुलंदशहर से एयरपोर्ट तक आसान होगी कनेक्टिविटी

जेवर से खुर्जा तक जाने वाले इस मार्ग की कुल लंबाई 30 किमी है एयरपोर्ट निर्माण के चलते जेवर बुलंदशहर मार्ग बंद होने के बाद खुर्जा-बुलंदशहर के अलावा जीटी रोड (ग्रैंड ट्रंक रोड) से यह मार्ग खुर्जा में सीधे कनेक्ट होता है। ऐसे में खुर्जा बुलंदशहर व जीटी रोड के रास्ते एयरपोर्ट तक आने जाने वाले लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।


### चौड़ीकरण के बाद दुर्घटनाओं में आएगी कमी

मार्ग के चौड़ीकरण के बाद सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। वर्तमान में वाहनों का दबाव होने के चलते आए दिन इस मार्ग पर दोपहिया या छोटे वाहन चालक बड़े वाहनों की चपेट में आकर दुर्घटना का शिकार होते हैं। तीन मीटर की चौड़ाई बढ़ने के बाद छोटे वाहन चालकों को अधिक सुविधा होगी।




# क्या अभी और कम होंगे टू-स्टार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरीके से शुक्रवार की रात लिस्ट वाला ट्विस्ट आया है, उससे कई थ्री-स्टार फिर चारों खाने चित्त बताये जा रहे हैं। बताया जा रहा है की इस लिस्ट में कई थ्री- स्टार ऐसे थे, जिनको उम्मीद थी की उनको इस बार तो चांस मिलद ही जाएगा लेकिन इस बार भी वह वेट में ही चले रह गए हैं। उधर पुलिस कमिशनरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चर्चा शुरू है की जिस तरीके से दो महत्वपूर्ण थानों के टू-स्टार सीधे लाइन भेजे गए हैं। उसके बाद कहा जा रहा है की आने वाले दिनों में कई और टू-स्टारों पर संकट के बादल आ सकते हैं। बताया जा रहा है की सिटी में टू-स्टार की संख्या इस समय तीन चल रही है। तो इस संख्या में भी आने वाले समय में गिरावट आएगी। सूत्रों ने बताया है की एक टू-स्टार का इस लिस्ट में विकेट गिरना तय था, पर एक दया फिर हो गई है। जिसकी वजह से ममला बच गया है। वैसे बताया जा रहा हैं की जिस तरीके का उस थानाक्षेत्र में ममला चल रहा है। जल्द भगवा दल वाले थाने और एसओ को रगड़ाने वाले हैं। उधर पुलिस कमिशनरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र यह जानकारी डे रहे हैं, की लिस्ट में एक थ्री- स्टार ऐसे भी हैं, जो दोबारा से उसी थाने में पहुंचे हैं, जहां कभी उन्होंने नंबर दो वाली कुर्सी संभाली थी। तो वहीं सबसे टेंशन और अटेंशन वाले थाने के रूप में पहचान रखने वाला नदिया पार के थाने पर फिर एक कृपा बरस गई है। इलाके वाले साहब का मैनेजमेंट का कमल है या फिर मामला कुछ और है। इन सबके बीच इस लिस्ट में दो पोस्टिंग ऐसी भी बताई जा रही हैं, जिसका सीधा संबंध एक आईपीएस अधिकारी से बताया जा रहा है, तो चर्चा इस बात की भी हो रही है कि आखिर लाइन पार वाले थ्री-स्टार पर कृपा कैसे हो गई। सुनने में आया है कि उनको तो जाना कहीं और था और पहुंचाया गया कहीं और गया है। लिस्ट में तीनों ही जोन का बदलाव देखने को मिला है। इस लिस्ट में कॉस्ट मैनेजमेंट वाला डंका बज रहा है, ऐसा आगे भी होने की संभावना है। तो वही सिटी के एक प्रभारी को अभी रोक दिया गया है। बताया जा रहा है कि वह अभी एक वर्क में बिजी हैं, इसके बाद शायद उन्हें कोई और थाना दिया जाएगा। कुल मिलाकर इस लिस्ट आने के बाद कमिश्नरेट वाले सिस्टम में उन दावेदारों को फिर मायूसी मिली है, जो इस लिस्ट में कहीं ना कहीं अपने नाम को खोजने के लिए बेचैन बताए जा रहे थे। वहीं देहात के थाने से वीडियो कांड के बाद साइड हुए थ्री-स्टार का नाम भी इस लिस्ट में ना आना चर्चा का कारण रहा है। तो जो मेरठ से लेकर गाजियाबाद तक कनेक्शन वाला डंका बजा रहे थे, उनको भी इस बार साइड ही रखा गया है। कुल मिलाकर देखना होगा आने वाले दिनों में जो कमिश्नरेट वाली लिस्ट आएगी, उसमें कौन से टू-स्टार रडार पर आएंगे।




# नोएडा प्राधिकरण ने गेल की साधारण ब्याज मांग ठुकराई
## 88 लाख लीज पर 6.5 करोड़ चक्रवृद्धि ब्याज चुकाना होगा

**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने गेल (इंडिया) लिमिटेड की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें उसने सेक्टर 16ए स्थित अपने संस्थागत भूखंड पर बकाया लीज रेंट के ब्याज की गणना साधारण ब्याज के आधार पर करने का अनुरोध किया था। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि मौजूदा ब्याज मांग पूरी तरह से लीज डीड की शर्तों के अनुरूप है। इसे पूर्व प्रभाव से बदला नहीं जा सकता।

यह मामला सेक्टर 16ए के 17,466 वर्गमीटर के संस्थागत भूखंड से जुड़ा है, जिसे तीन जुलाई 1986 को गेल को आवंटित किया गया था। लीज डीड एक जनवरी 1992 को निष्पादित हुई और दो अप्रैल 1992 को भूखंड का कब्जा सौंपा गया।

यह भूखंड मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट स्थापित करने के लिए दिया गया था और आवंटन से संबंधित सभी किस्तों का भुगतान गेल पहले ही कर चुका है। समस्या तब उत्पन्न हुई जब कंपनी ने ह्यएन्हांस्ड लीज रेंटह्न का भुगतान नहीं किया, जिसे प्राधिकरण की नीति के अनुसार हर 10 साल में 50 प्रतिशत बढ़ाया जाता है।

चूंकि सेक्टर 16ए के इस भूखंड के लिए कभी भी सप्लीमेंट्री डीड निष्पादित नहीं हुई। इसलिए लीज रेंट पुराने आधार पर चलता रहा। प्राधिकरण ने कहा कि आवंटियों के साथ समानता और कानूनी शर्तों के अनुसार वित्तीय निर्णय होने चाहिए। बोर्ड ने प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि ब्याज मांग पूरी तरह वैध है। इसलिए गेल को 6.5 करोड़ से अधिक का चक्रवृद्धि ब्याज ही देना होगा।




### 88 लाख लीज रेंट, 6.5 करोड़ ब्याज

1992-93 से 2025-26 तक लीज रेंट का बकाया लगभग 88 लाख हो गया है। जबकि प्राधिकरण की वित्तीय नीति के तहत चक्रवृद्धि ब्याज जोड़ने पर कुल ब्याज 6.5 करोड़ तक पहुंच गया है। गेल ने नौ जून 2025 को भेजे गए पत्र में अनुरोध किया था कि ब्याज की गणना चक्रवृद्धि के बजाय साधारण ब्याज पर की जाए।
कंपनी ने दलील दी कि 2015 में नोएडा प्राधिकरण बोर्ड की 187वीं बैठक में सेक्टर एक के दो अन्य भूखंडों पर साधारण ब्याज लागू किया गया था। इसलिए सेक्टर 16ए के मामले में भी समान राहत दी जानी चाहिए। तीन अक्टूबर को हुई बोर्ड बैठक में अधिकारियों ने लीज डीड की उस धारा की ओर ध्यान दिलाया जिसमें वार्षिक लीज रेंट मूल प्रीमियम के 2.5 प्रतिशत के आधार पर तय किया गया है।

# दयाल पब्लिक स्कूल में बाल मेला आयोजित






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दयाल पब्लिक स्कूल निरंकारी कॉलोनी सेक्टर 12 विजय नगर गाजियाबाद में बाल मेला आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न खेलों के साथ खाने के स्टाल व अन्य म्यूजिक डांस, पंपोप आदि व मनमोहक सेल्फी पॉइंट्स बनाए गए। मेले का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक सरदार दामोदर सिंह जग्गी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी ने बच्चों के द्वारा उत्कृट आयोजन की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। उपप्रबंधक दयाल सिंह जग्गी ने बाल दिवस की हार्दिक बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्य सतविंदर कौर व उप प्रधानाचार्य दीपेंद्र कौर ने सभी अभिभावकों, अध्यापिकाओं का आभार व्यक्त किया।

# देश में सबसे प्रदूषित शहरों में ग्रेनो पहला और दूसरा नोएडा, कई सेक्टरों में एक्यूआई 400 के पार; ग्रेप भी फेल

**नोएडा करंट क्राइम।** सर्दी बढ़ते ही लगातार नोएडा में हवा की गुणवत्ता भी खराब होने लगी है। शनिवार को देश का सबसे प्रदूषित शहरों में ग्रेनो पहला और दूसरा नोएडा रहा। यहां ग्रेनो में एक्यूआई 418 और नोएडा का एक्यूआई 397 जो गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। वायु की गुणवत्ता इतनी खराब रही कि सांस लेने में भी लोगों को परेशानी हुई और आंखों में जलन, गले में खराश तक होने लगी। नोएडा और गाजियाबाद में सख्त प्रतिबंध लागू किए गए हैं, जिनमें स्कूल बंद करना और निर्माण गतिविधियों पर रोक शामिल है, लेकिन बावजूद इसके प्रदूषण स्तर में सुधार नहीं आ पा रहा है। नोएडा सेक्टर-125 में एक्यूआई 421, सेक्टर - 62 में एक्यूआई 348, सेक्टर 1 का एक्यूआई 395 और सेक्टर 116 का एक्यूआई 423 रहा। सेक्टर 125 की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई रहा।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आज ज्योति गुमास्ता का जन्मदिन है। एसबीआई की रिटायर्ड मैनेजर ज्योति गुमास्ता के जन्मदिन पर उनके पति गिरीश गुमास्ता और पूरे परिवार ने ज्योति गुमास्ता के यशस्वी जीवन उत्तम स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।





# गाजा को लेकर अमेरिका और रूस के बीच खींचतान क्यों?

## अगले हफ्ते यूएन में निर्णायक टकराव

**संयुक्त राष्ट्र।** गाजा को लेकर अमेरिका और रूस के बीच खींचातानी बढ़ गई है। इस बात को ऐसे समझ सकते है कि अमेरिका ने गाजा पर अपने नए प्रस्ताव के लिए संयुक्त राष्ट्र में समर्थन जुटाने की कोशिश तेज कर दी है, जबकि रूस ने ट्रंप की प्रस्तावित अंतरिम सत्ता व्यवस्था को हटाकर अपना अलग मसौदा पेश कर दिया है। अहम बात ये है कि रूस के प्रस्ताव में उस ट्रांजशनल अथॉरिटी का जिक्र हटा दिया गया है जिसे अमेरिका के प्लान के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप की अगुवाई में बनाया जाना है।

रूस चाहता है कि संयुक्त राष्ट्र गाजा में एक अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बल की संभावनाओं पर भी विकल्प दे। अब ऐसे में दो साल तक चले इस लंबी युद्ध बाद हुए संघर्षविराम को स्थिर करने की कोशिशों के बीच दोनों महाशक्तियों की यह खींचतान सुरक्षा परिषद में अगले सप्ताह होने वाली अहम वोटिंग को और निर्णायक बना रही है।

**अमेरिका और इन देशों ने की ये अपील**

प्रस्ताव को लेकर अमेरिका के साथ-साथ इस्राइल और हमास संघर्षविराम में अहम भूमिका निभाने वाले देश कतर, मिस्र, यूएई, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, जॉर्डन और तुर्किये ने एक संयुक्त बयान जारी कर अमेरिकी प्रस्ताव को जल्दी अपनाने की अपील की है।

**अमेरिका ने क्यों किया प्रस्ताव में बदलाव?**

न्यूज एजेंसी पीटीआई ने एक यूएन अधिकारी, जिन्होंने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि कतर, मिस्र, यूएई, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, जॉर्डन और तुर्किय ने अमेरिका के साथ मिलकर एक संयुक्त बयान जारी किया।

यह बयान इसलिए आया क्योंकि इसी हफ्ते कुछ देशों ने अमेरिकी प्रस्ताव पर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद अमेरिका ने अपने प्रस्ताव में बदलाव किए और फलस्तीनियों के खुद अपना भविष्य तय करने के अधिकार (फलस्तीनी आत्मनिर्णय) को लेकर ज्यादा साफ और मजबूत भाषा जोड़ दी है।



ऐसे में अब उम्मीद लगाई जा रही है कि अगले हफ्ते अमेरिका और रूस दोनों के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वोटिंग होगी। एक यूएन राजनयिक के मुताबिक अमेरिकी प्रस्ताव को मनचाहे नौ वोट मिल सकते हैं, जबकि रूस और चीन संभवतः वीटो न लगाकर सिर्फ अमेरिकी प्रस्ताव के पक्ष नहीं रहेंगे।

**अमेरिकी प्रस्ताव में क्या-क्या?**

गौरतलब है कि अमेरिका द्वारा यूएन में रखा गए प्रस्ताव संघर्षविराम के लिए लाए गए 20 बिंदुओं वाली योजना का समर्थन करता है। इस योजना में 'बोर्ड ऑफ पीस' नाम की एक ट्रांजिशनल अथॉरिटी बनाने की बात है, जिसकी अगुवाई ट्रंप करेंगे। प्रस्ताव गाजा में एक अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बल को मंजूरी भी देगा, जो सीमाओं की निगरानी, सुरक्षा और गाजा को हथियारमुक्त करने जैसे काम करेगा।

हालांकि कई अरब देशों ने मामले में साफ-साफ कहा है कि वे तभी अभी सैनिक भेजेंगे जब ऐसा स्पष्ट और मजबूत जनादेश होगा। वहीं कुछ सदस्यों की आपत्ति के बाद, अमेरिका ने प्रस्ताव में यह भी जोड़ दिया है कि फलस्तीनी प्राधिकरण में सुधार और गाजा का पुनर्निर्माण आगे बढ़ने के बाद फलस्तीनी राज्य बनने का रास्ता खुल सकता है।

**रूस के प्रस्ताव में फलस्तीनी राज्य को मजबूत समर्थन**

दूसरी तरफ रूस के प्रस्ताव में फलस्तीनी राज्य को मजबूत समर्थन दिया गया है। साथ ही इस बात पर भी जोर दिया गया है कि वेस्ट बैंक और गाजा एक साथ मिलकर फलस्तीनी प्राधिकरण के तहत एक राज्य बनें।रूस का कहना है कि वह सिर्फ अमेरिकी प्रस्ताव को पहले से मौजूद संयुक्त राष्ट्र के फैसलों और दो-राष्ट्र समाधान के सिद्धांतों के अनुरूप करना चाहता है। रूस का यह भी कहना है कि उसका प्रस्ताव अमेरिकी पहल का विरोध नहीं करता और वह अमेरिकी, कतर, मिस्र और तुर्किये की मध्यस्थता के प्रयासों का सम्मान करता है।

**गाजा पर अमेरिकी और रूसी प्रस्तावों के टकराव ने संयुक्त राष्ट्र में तनाव बढ़ा दिया है। अमेरिका अपने संशोधित प्रस्ताव के लिए समर्थन जुटा रहा है, जबकि रूस ट्रंप की अंतरिम सत्ता योजना हटाकर अपना मसौदा आगे बढ़ा रहा है। संघर्षविराम को स्थिर करने की कोशिशों के बीच कतर, मिस्र, यूएई, सऊदी समेत आठ देशों ने अमेरिकी प्रस्ताव को तुरंत अपनाने की अपील की है।**

## रूस का कीव पर भीषण हमला, कई इमारतें जलीं, आठ मौतें, 35 घायल



**रूस।** रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर भीषण हमला किया है। देशभर में हुए भीषण हमले में 430 ड्रोन और 18 मिसाइलें दागी गईं। बमबारी के बाद मेट्रो स्टेशनों पर लोगों ने जान बचाने के लिए शरण ली। इस हमले में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 लोग घायल हुए।

रूस ने शुक्रवार तड़के यूक्रेन पर ताबड़तोड़ हमले किए। इसमें 8 मौतें हुईं और कीव के कई जिलों में आग की लपटें देखी गईं। इन इमारतों बिखरे मलबे में 35 लोग घायल हुए। कीव में सैन्य प्रशासन प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने कहा, आपात दल ने जवाब दिए लेकिन राजधानी में होने वाली तबाही को रोका नहीं जा सका।

**रूस ने 430 ड्रोन व 18 मिसाइलें छोड़ीं**

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा, हमले में रूस ने 430 ड्रोन व 18 मिसाइलें छोड़ीं। देश के अन्य क्षेत्रों में हुए इस हमले का निशाना कीव था। जेलेंस्की ने 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में कहा, यह सुनियोजित हमला लोगों और नागरिकों को यथासंभव अधिक नुकसान पहुंचाने के लिए किया गया। अकेले कीव में ही दर्जनों अपार्टमेंट इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उन्होंने कहा कि इस्कंदर मिसाइल के टुकड़ों से अजरबैजान दूतावास क्षतिग्रस्त हो गया।

## साथ उड़े सुखोई और फ्रेंच लड़ाकू विमान, युद्धाभ्यास से भारतीय वायुसेना को मिलेगी नई मजबूती

**पेरिस।** भारतीय वायुसेना ने फ्रांस में शुरू हो रहे द्विपक्षीय वायु युद्धाभ्यास 'गरुड़-25' में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज करा दी है। 16 नवंबर से 27 नवंबर 2025 तक चलने वाले इस संयुक्त अभ्यास में भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआई फ्रांस की एयर एंड स्पेस फोर्स के उन्नत मल्टीरोल लड़ाकू विमानों के साथ कई जटिल युद्ध स्थितियों का अभ्यास करेंगे। यह अभ्यास दोनों देशों की वायु क्षमताओं और सैन्य साझेदारी को नई मजबूती देने वाला माना जा रहा है।

इस 8वें संस्करण का मुख्य उद्देश्य वास्तविक युद्ध स्थितियों जैसे एयर-टू-एयर कॉम्बैट, एयर डिफेंस मिशन और संयुक्त स्ट्राइक ऑपरेशंस में समन्वय और तालमेल को मजबूत करना है। भारतीय वायुसेना ने बताया कि ऐसे अभ्यासों से न सिर्फ रणनीति और संचालन तकनीक में सुधार होता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोनों सेनाओं की इंटरऑपरेबिलिटी भी बढ़ती है। 'गरुड़-25' में भारत और फ्रांस अपने पायलटों, तकनीकी स्टाफ और संचालन विशेषज्ञों के बीच पेशेवर समन्वय को और बेहतर बनाएंगे।



**भारतीय वायुसेना फ्रांस में 16 से 27 नवंबर तक होने वाले 'गरुड़-25' द्विपक्षीय वायु अभ्यास में सुखोई-30 एमकेआई विमानों के साथ भाग ले रही है। सी-17 विमान लॉजिस्टिक समर्थन दे रहे हैं और आईएल-78 टैंकर रेंज बढ़ाने में मदद कर रहे हैं।**

**C-17 और IL-78 की बड़ी भूमिका:** भारतीय वायुसेना का दल 10 नवंबर को फ्रांस पहुंच चुका है। अभ्यास के लिए सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान मुख्य भूमिका में रहेंगे।

उनकी लॉजिस्टिक और परिचालन जरूरतों के लिए सी-17 ग्लोबमास्टर-III एयरलिफ्ट विमान का इस्तेमाल इंडक्शन और डी-इंडक्शन चरणों में किया जा रहा है।

## इथियोपिया में मारबर्ग वायरस की दस्तक, नौ मामलों की पुष्टि, WHO ने उठाए कड़े कदम

**अदीस अबाबा।** पूरी दुनिया अभी कोरोना वायरस जैसी महामारी को भुला भी नहीं पाई है कि अब एक और ऐसे वायरस ने दस्तक दी है। इस वायरस का नाम 'मारबर्ग' है, जिसका पहला मामला पूर्वी अफ्रीकी देश इथियोपिया से सामने आया है। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार इथियोपिया में पहली बार मारबर्ग वायरस रोग के मामलों की पुष्टि की है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार ओमो क्षेत्र में नौ लोग संक्रमित पाए गए हैं, यह इलाका दक्षिण सूडान की सीमा के पास है। यह पुष्टि तब हुई जब स्वास्थ्यकर्मियों ने कुछ मरीजों में वायरल हेमोरेजिक बुखार से जुड़े लक्षण देखे।



मामले में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम ने शुक्रवार को कहा कि इथियोपिया की स्वास्थ्य एजेंसियों ने तेज और पारदर्शी कदम उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि जल्दी की गई कार्रवाई इस बात को दर्शाती है कि देश गंभीरता से इस संकट को प्रारंभिक चरण में ही काबू में करने के लिए काम कर रहा है।

**इलाज में जुटी डब्ल्यूएचओ की टीम:** बता दें कि मामले के सामने आने के बाद डब्ल्यूएचओ की टीम इथियोपियाई अधिकारियों के साथ मिलकर संक्रमितों का इलाज कर रही है, संभावित संपर्कों का पता लगा रही है और वायरस के अन्य क्षेत्रों में फैलने को रोकने की कोशिश कर रही है। वहीं अफ्रीका सीडीसी के निदेशक डॉ जॉन नकेंगासॉन्ग ने कहा कि यह प्रकोप खासकर चिंता का कारण है क्योंकि दक्षिण सूडान सीमा के पास है और वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था कमजोर है।

क्या है मारबर्ग वायरस और इसके लक्षण?

गौरतलब है कि मारबर्ग वायरस ईबोला वायरस के परिवार का हिस्सा है और गंभीर हेमोरेजिक बुखार पैदा करता है। इसके लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, चकत्ते और भारी आंतरिक या बाहरी रक्तस्राव शामिल हैं। यह वायरस संक्रमित व्यक्तियों के शरीर के तरल पदार्थों या संक्रमित वस्तुओं जैसे बिस्तर और कपड़ों के संपर्क से फैलता है। अभी तक मारबर्ग वायरस के लिए कोई अनुमोदित टीका या विशेष इलाज नहीं है।

## पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने 26 आतंकी मार गिराए

**कराची।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक अभियान में सुरक्षा बलों ने 26 आतंकवादियों को मार गिराया है। तीनों अभियान बृहस्पतिवार को बाजौर, कोहाट और करक जिलों में चलाये गए। गद्दार गांव में बड़ी संख्या में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना पर बाजौर में यह अभियान चलाया गया। सुरक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया, इस लक्षित अभियान में 22 आतंकी मारे गए।

कोहाट जिले में सदर थाना प्रभारी पर नियमित गश्त के दौरान आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तीन आतंकी ढेर हो गए।

पुलिस ने करक जिले के मीर कलाम बंदा इलाके में भी एक अभियान चलाया, जहां कई गंभीर मामलों में वांछित एक आतंकी मुठभेड़ में मारा गया।

## फ्रांस ने दिखाई परमाणु बम से लैस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल

**फ्रांस।** फ्रांस ने दुनिया को पहली बार परमाणु हमला करने वाली अपनी सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल एएसएमपीए-आर को दिखाया है। इस परमाणु मिसाइल को फ्रांसीसी नौसेना के नेवल न्यूक्लियर एविएशन फोर्स के राफेल एम फाइटर जेट पर लगाया गया था। फांसीसी नौसेना ने इस मिसाइल के परीक्षण का अभ्यास किया है। हालांकि, इस मिसाइल के अंदर परमाणु वारहेड को नहीं लगाया गया था। मिसाइल को 10 नवंबर को आधिकारिक रूप से नेवल न्यूक्लियर एविएशन फोर्स में शामिल किया गया।

## सीरिया की राजधानी में रॉकेट हमले में एक व्यक्ति घायल



**नई दिल्ली।** सीरिया की राजधानी में एक घर पर रॉकेट दागे गए, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया और नुकसान हुआ, सरकारी मीडिया ने इसकी जानकारी दी है। दमिश्क के पश्चिमी इलाके माजेह 86 में हुए रॉकेट हमले के पीछे कौन था, यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया है। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और किसी को भी उस इमारत के पास जाने से रोक दिया है, जिस पर हमला हुआ था।सरकारी टेलीविजन ने बताया कि 'अज्ञात हमलावरों' द्वारा किए गए हमले में एक महिला घायल हो गई, और सुरक्षा बल जांच कर रहे हैं। शुक्रवार रात हुए विस्फोट में एक महिला घायल हो गई। सीरियाई राजधानी में विस्फोट असामान्य नहीं हैं, लेकिन हाल के महीनों में इनमें कमी आई है।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कामकाज में पारदर्शिता की भारत की दो-टूक मांग, इस प्रक्रिया पर उठाए सवाल

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के कामकाज में अधिक पारदर्शिता की जोरदार मांग की है। न्यूयॉर्क में शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) 'कार्य पद्धतियां' पर आयोजित यूएनएससी की खुली बहस में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की सबसे महत्वपूर्ण संस्था है, इसलिए इसके कामकाज का ईमानदार, स्पष्ट और पारदर्शी होना बेहद जरूरी है।

### सूचीकरण प्रक्रिया पर सवाल

हरीश ने कहा कि यूएनएससी की कई सहायक संस्थाओं का कामकाज अभी भी अस्पष्ट है। खासकर आतंकियों व प्रतिबंधित संस्थाओं को सूचीबद्ध करने के प्रस्तावों को खारिज किए जाने की प्रक्रिया बहुत 'धुंधली' है।



उन्होंने बताया कि जिस तरह डीलिस्टिंग (सूची से हटाने) का निर्णय स्पष्ट रूप से दर्ज होता है, उसी तरह सूचीकरण प्रस्तावों को खारिज किए जाने की जानकारी सार्वजनिक नहीं होती।

उन्होंने कहा, 'जो देश सुरक्षा परिषद में नहीं हैं, उन्हें तो इस प्रक्रिया की कोई जानकारी ही नहीं मिलती।' भारत ने यह भी कहा कि यूएनएससी की समितियों और सहायक संस्थाओं के चेयर और पेन-होल्डर पद जिम्मेदारी वाले पद हैं, जिन्हें किसी भी तरह के स्वार्थ या टकराव से दूर रखा जाना चाहिए।

**भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि यूएनएससी की सालाना रिपोर्ट पर महासभा में होने वाली चर्चा केवल औपचारिकता न बनकर**

### यूएनएससी सुधार की जरूरत दोहराई

भारत ने सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार की अपनी पुरानी मांग को दोहराया।

उन्होंने सुरक्षा परिषद में स्थायी और अस्थायी दोनों तरह की सदस्यता का विस्तार करने और अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका जैसे कम-प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों को पर्याप्त जगह देने की बात कही।

### शांति मिशनों पर भारत का रुख

दुनिया में सबसे ज्यादा सैनिक देने वाले देश के रूप में भारत ने शांति मिशनों में योगदान देने वाले देशों की राय को अहम बताया।

हरीश ने कहा कि ऐसे मिशन जिनका उद्देश्य पूरा हो चुका है या जो अब उपयोगी नहीं हैं, उन्हें सिर्फ कुछ देशों के राजनीतिक हित बचाने के लिए जारी नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने ऐसे मिशनों को समाप्त करने के लिए 'सनसेट क्लॉज' लागू करने की वकालत की।

## ट्रंप बोले- कंबोडिया-थाईलैंड के बीच युद्ध रोका

## अमेरिका की मध्यस्थता से बचा बड़ा संघर्ष

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने कंबोडिया और थाईलैंड के बीच बढ़ते तनाव को तुरंत रोककर दोनों देशों के बीच चल रही संघर्ष-विराम व्यवस्था को बचा लिया। ट्रंप के अनुसार, सीमा पर ताजा गोलीबारी और हिंसा से ऐसा लग रहा था कि युद्ध जैसे हालात फिर खड़े हो सकते हैं। ट्रंप ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा, 'मैंने आज ही एक युद्ध रोक दिया। दोनों देशों से बात की। पहले हालात बहुत खराब थे, लेकिन अब सब ठीक होने की उम्मीद है।'

**कैसे हुई मध्यस्थता?**

ट्रंप ने बताया कि उन्होंने कंबोडिया और थाईलैंड, दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों से फोन पर बातचीत की। उनका कहना है कि कड़े व्यापारिक कदम उठाने की उनकी नीति ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने की ताकत दी, और उसी का इस्तेमाल कर उन्होंने दोनों देशों को संघर्ष रोकने पर मजबूर किया।



अमेरिका पहले भी इस सीमा विवाद में दखल देता रहा है और जुलाई में जब दोनों देशों के बीच पाँच दिनों तक गोलीबारी हुई थी, तब भी उसने एक अस्थायी युद्ध-विराम करवाया था। दर्जनों सैनिक और नागरिक तब मारे गए थे। यह युद्ध-विराम पिछले महीने मलयेशिया में हुए आसियान सम्मेलन के दौरान फिर से विस्तार के साथ लागू किया गया था।

**ताजा तनाव में एक नागरिक की मौत**

इस हफ्ते फिर हालात तनावपूर्ण हो गए, जब कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने बताया कि सीमा पर गोलीबारी में एक ग्रामीण की मौत हुई और तीन लोग घायल हुए। कंबोडिया का आरोप है कि थाई सैनिकों ने बंतेय मेन्चे प्रांत के प्रेई चान गांव में रहने वाले नागरिकों पर गोली चलाई। थाई सेना ने यह दावा किया कि गोलीबारी की शुरूआत कंबोडियाई सैनिकों ने की, जिन्होंने थाईलैंड के सा काओ प्रांत की ओर फायरिंग की। थाईलैंड ने अपने यहां किसी हताहत की पुष्टि नहीं की।

**कंबोडिया और थाईलैंड के विवाद पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा, 'मैंने आज ही एक युद्ध रोक दिया। दोनों देशों से बात की। पहले हालात बहुत खराब थे, लेकिन अब सब ठीक होने की उम्मीद है।'**

### 100 साल पुराना नक्शा - विवाद की जड़

थाईलैंड और कंबोडिया का दुश्मनी और सीमा विवाद कोई नया मुद्दा नहीं है। दोनों देश सदियों पहले भी आपस में युद्ध कर चुके हैं। वर्तमान विवाद 1907 के एक नक्शे पर आधारित है, जो फ्रांसीसी शासनकाल में बनाया गया था। थाईलैंड का कहना है कि नक्शा सही नहीं है, जबकि कंबोडिया उसी को आधार मानता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मौजूदा संघर्ष-विराम केवल हिंसा रोकता है, लेकिन सीमा तय करने जैसे मूल मुद्दों का समाधान अभी भी बाकी है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है दोनों देश शांति बनाए रखेंगे, लेकिन भविष्य अनिश्चित है।

## अफगानिस्तान-पाकिस्तानः दोनों देशों के बीच इस्तांबुल में तीसरे दौर की बातचीत भी विफल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पुष्टि की है कि अफगानिस्तान के साथ उसके संबंध ह्यस्टेलमेटह्न पर पहुंच गए हैं। आतंकवाद पर तीन दौर की वार्ता विफल रही, जबकि पाकिस्तान ने अफगान सरजमीं से हो रहे हमलों पर गहरी चिंता जताई है।

पाकिस्तान ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि अफगानिस्तान के साथ उसके रिश्ते इस समय 'स्टेलमेट' की स्थिति में हैं। इस्तांबुल में 7 नवंबर को हुई तीसरे दौर की वार्ता भी आतंकवाद के मुद्दे पर कोई समाधान नहीं दे पाई। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत में कोई प्रगति नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा आप इसे स्टेलमेट कह सकते हैं। बातचीत में डेडलॉक है, लेकिन पाकिस्तान संवाद के माध्यम से मतभेद दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**अफगान सरजमीं से जारी आतंकवादी हमले**

अंद्राबी ने दोहराया कि अफगान की जमीन से चल रहे आतंकवादी हमलों में पाकिस्तानी नागरिक और सुरक्षा बल लगातार मारे जा रहे हैं। उन्होंने कहा हालात ऐसे हैं कि हम इन हमलों को अनदेखा नहीं कर सकते। टीटीपी और अन्य आतंकी तत्व अफगानिस्तान से हमले कर रहे हैं।



**सीमावर्ती संघर्ष और युद्धविराम पर अनिश्चितता**

प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर युद्धविराम की स्थिति स्पष्ट नहीं है, क्योंकि सीमा बहुत लंबी है और घटनाएं आती रहती हैं। उन्होंने कहा कि हालात लगातार चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को कई व्यापारिक रियायतें देने का दावा किया, लेकिन कहा कि तालिबान सरकार ने सकारात्मक जवाब नहीं दिया।

अंद्राबी ने कहा जब तक अफगानिस्तान अपनी जमीन पर सक्रिय पाकिस्तान-विरोधी तत्वों पर कार्रवाई नहीं करता, व्यापार और ट्रांजिट आगे नहीं बढ़ सकता। मानव जीवन का महत्व किसी भी व्यापार से अधिक है। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से रह रहे अफगान नागरिकों को व्यवस्थित तरीके से सीमा तक भेजा जा रहा है।

**तुर्किये, ईरान और रूस की मध्यस्थता का स्वागत**

जब तुर्किये के मध्यस्थता प्रयासों पर पूछा गया तो अंद्राबी ने कहा कि पाकिस्तान इन प्रयासों की सराहना करता है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ईरान या रूस की मध्यस्थता का भी स्वागत करेगा।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय पर एनडीए की ऐतिहासिक जीत का मनाया गया जश्न

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेन्द्र नगर स्थित कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के साहिबाबाद जनसम्पर्क कार्यालय पर भारी उत्साह के साथ विजय उत्सव मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी, ढोल-नगाड़ों, और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ माहौल को उत्सवी बना दिया।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने फोन के माध्यम से कार्यकर्ताओं को ऐतिहासिक जीत की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिहार की इस प्रचंड जीत ने सिद्ध कर दिया है कि जनता अब विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद के रास्ते को ही स्वीकारती है।





उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीति, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का अनुभव एवं गृहमंत्री अमित शाह की संगठन क्षमता, रणनीति और चुनावी प्रबंधन का अभूतपूर्व योगदान है।

इस मौके पर आलोक शर्मा, विपिन डागर, भूषण चौहान सिंह, नीरज रावल, अशोक भाटी, विनीत त्यागी, मंजुला गुप्ता,विजेंद्र भड़ाना,विजेंद्र चौहान, सचिन डगर, एसपी सिंह, विनोद शर्मा,आशुतोष शर्मा, मनोज डागर, विक्रम चौधरी, वीरेंद्र सिंह, राजकुमार चंदेल, आदेश तिवारी, योगेश, राम झा, पुनीत पुरुषोत्तम, नीरज, निधि विकास शर्मा, देवेंद्र मलिक, दिया कौशल, प्रीति भारद्वाज, सोनाली, राजेश कसाना, सचिन, इन्दू तोमर, ममता झा, अलका, महेश उपाध्याय, महेश शर्मा, इंद्रजीत, उमाशंकर शर्मा, संदीप चौधरी, के.के. दुबे, श्यामवीर सिंह, राजवीर, राजेश चतुर्वेदी, दिव्यांश भटनागर, देवराज चौहान, स्वाति चौहान, जय श्री सिन्हा, आदित्य शंकर, शिवम त्यागी, नीति राय, गायत्री, कैलाश यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिहार चुनाव



## एनडीए की प्रचंड जीत विकास की जीत:बॉबी त्यागी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर भाजपा महानगर कार्यकारिणी सदस्य बॉबी त्यागी ने कहा, ₹बिहार की जनता ने विकास और सुशासन को चुना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए ने प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज की है। बॉबी त्यागी ने कहा, ₹यह जीत बिहार की जनता के विश्वास और समर्थन का परिणाम है। हम इस जीत को विकास की जीत मानते हैं और आगे भी बिहार के विकास के लिए काम करते रहेंगे।₹

एनडीए ने बिहार विधानसभा चुनाव में 243 सीटों में से लगभग 202 सीटों पर जीत दर्ज की है। इस जीत से भाजपा कार्यकताओं में उत्साह है और वे इसे विकास की जीत मान रहे हैं।

बिहार की जनता ने जंगलराज को सिरे से नकार दिया और विकास के पक्ष में वोट दिया है। उन्होंने कहा कि एनडीए की जीत से स्पष्ट है कि बिहार की जनता विकास और स्थिरता के साथ है।

### एनडीए की प्रचंड जीत पर लड्डू बांटकर

## इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ खुशी मनाई





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंडल कार्यालय पर खुशी व्यक्त की। इस दौरान लड्डू बांटे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ऐतिहासिक जीत की बधाई दी।

इस अवसर पर भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास और सुशासन की राह पर चल रही मोदी सरकार की नीतियों पर फिर से मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि करोड़ों दिलों की धड़कन पीएम मोदी की लोकप्रियता और उनके कार्यों का असर बिहार के जनादेश में स्पष्ट दिखाई देता है। यह जीत देश में जारी विकास यात्रा की पुष्टि है। उन्होंने कहा कि बिहार में मिली भारी जीत मोदी-नीतीश की नीतियों और संयुक्त नेतृत्व पर जनता के विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने जाति और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर विकास और स्थिरता के पक्ष में मतदान किया है।

इस अवसर पर आदित्य कश्यप, जय श्री सिन्हा आकाश वर्मा, नवीन कुमार शर्मा, अंकुर त्यागी, देवत देवाशीष दत्ता, स्वाति चौहान, गायत्री पांडे , सुशील सिन्हा, देव दत्त पाल, प्रीति वार्ष्णेय, नीता राय, अनुराधा , मोहन गुप्ता, सी एस यादव , सोनिया, नेहा जैन, शिवम त्यागी, अजय गुप्ता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिहार की जनता ने विकास को चुना और जंगलराज को नकारा: राजकुमार भाटी





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बिहार चुनाव के परिणाम बेहद उत्साहजनक रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए ने प्रचंड बहुमत के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। एनडीए ने विधानसभा की कुल 243 सीटों पर चुनाव लड़ा और लगभग 202 सीटों पर प्रचंड जीत दर्ज की।

बिहार में चुनाव विकास बनाम जंगलराज के बेसिस पर हुआ। बिहार की जनता ने जंगलराज को सिरे से नकार दिया और विकास के पक्ष में वोट दिया। महागठबंधन का एमवाई समीकरण धराशायी हो गया, जबकि मोदी के एमवाई समीकरण (महिला, यूथ) ने काम किया।

महागठबंधन के खोखले दावे और वादे धराशायी हो गए। बिहार की जनता ने मोदी जी की चुनावी लहर को स्वीकार किया और बंपर वोटिंग की। इस चुनाव में एनडीए की जीत ने दिखाया कि बिहार की जनता विकास और स्थिरता के साथ है।

पार्षद कैंप कार्यालय वार्ड 89 वैशाली गाजियाबाद पर पार्षद राजकुमार सिंह के साथ कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर आतिशबाजी करके जीत का जश्न मनाया। एनडीए की इस जीत से कार्यकर्ताओं में उत्साह है और वे इसे विकास की जीत मान रहे हैं।

पार्षद राजकुमार भाटी ने कहा, बिहार की जनता ने विकास को चुना और जंगलराज को सिरे से नकार दिया। महागठबंधन का एमवाई समीकरण धराशायी हो गया, जबकि मोदी जी के एमवाई समीकरण ने काम किया। महागठबंधन के खोखले दावे और वादे धराशायी हो गए। बिहार की जनता ने मोदी जी की चुनावी लहर को स्वीकार किया और बंपर वोटिंग की। एनडीए की जीत से कार्यकर्ताओं में उत्साह है और वे इसे विकास की जीत मान रहे हैं।

## बिहार की जनता ने दिया एनडीए को प्रचंड बहुमत : बृजेश सिंह

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर महानगर भाजपा कार्यकारिणी सदस्य बृजेश सिंह ने कहा, बिहार की जीत जनता की जीत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए ने प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज की है। यह



जीत बिहार की जनता के विश्वास और समर्थन का परिणाम है। बिहार की जनता ने विकास और सुशासन को चुना है। उन्होंने जंगलराज को सिरे से नकार दिया और विकास के पक्ष में वोट दिया है। हम इस जीत को विकास की जीत मानते हैं और आगे भी बिहार के विकास के लिए काम करते रहेंगे। एनडीए ने बिहार विधानसभा चुनाव में 243 सीटों में से लगभग 202 सीटों पर जीत दर्ज की है। इस जीत से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है और वे इसे विकास की जीत मान रहे हैं।

### बृज विहार मंडल उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी ने

## बिहार में एनडीए की प्रचंड विजय का उत्सव मनाया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद बृज विहार वार्ड 68 में बृज विहार मंडल उपाध्यक्ष विक्रम सिंह चौधरी के कार्यालय पर जश्न का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने मिठाई वितरण कर और आतिशबाजी कर इस जीत का उत्सव मनाया।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, वरिष्ठ नेता जगदीश्वर प्रसाद, वीरेंद्र सिंह, नारायण सिंह, अशोक पांडे, प्रज्ञा अग्रवाल, यू.सी.सक्सेना, बृजेश सिंह, उर्वशी चौहान, लल्लन सिंह, उम्मेद सिंह, सुनील पवार, जे.के.सहाय, संजय सिंह, अमित छोकर, विक्रम सिसोदिया, धीरज आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विक्रम सिंह चौधरी ने कहा, एनडीए की इस जीत से स्पष्ट है कि बिहार की जनता विकास और स्थिरता के साथ है। हम इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की जीत मानते हैं।

## बिहार में एनडीए की प्रचंड विजय, पीएम मोदी के विकास और 'डबल इंजन' सरकार पर जनता का अटूट विश्वास: जितेन्द्र सैन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बिहार विधान सभा चुनाव में भाजपा-एनडीए गठबंधन की प्रचंड विजय पर समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं जनता-जनार्दन का अभिनंदन किया गया है।

यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकासोन्मुख मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों पर बिहार की जनता के अटूट विश्वास की मुहर है। यह जनादेश विकास, सुशासन, समृद्धि और स्थिरता के उस मार्ग का समर्थन



है, जिस पर नया बिहार आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है। एनडीए की इस प्रचंड जीत से स्पष्ट है कि बिहार की जनता विकास और स्थिरता के साथ है। इस अवसर पर भोपुरा ओबीसी मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र सैन ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की जीत है। उन्होंने कहा कि एनडीए की जीत से बिहार में विकास की एक नई शुरुआत हुई है और आगे भी बिहार के विकास के लिए काम करते रहेंगे।

यह जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया और कहा कि आगे भी बिहार के विकास के लिए काम करते रहेंगे।

## बिहार की जनता ने विकास और सुशासन को चुना, जंगलराज को नकारा: कालू यादव

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर वरिष्ठ भाजपा नेता कालू यादव ने कहा, ₹बिहार की जनता ने विकास और सुशासन को चुना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए ने प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज की है। यह जीत बिहार की जनता के विश्वास और समर्थन का परिणाम है।



कालू यादव ने कहा, बिहार की जनता ने जंगलराज को सिरे से नकार दिया और विकास के पक्ष में वोट दिया है। हम इस जीत को विकास की जीत मानते हैं और आगे भी बिहार के विकास के लिए काम करते रहेंगे।

उन्होंने कहा, एनडीए की जीत से स्पष्ट है कि बिहार की जनता विकास और स्थिरता के साथ है। हम बिहार की जनता को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने एनडीए को अपना समर्थन दिया है।

कालू यादव ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए ने बिहार में विकास की एक नई शुरूआत की है। हम आगे भी बिहार के विकास के लिए काम करते रहेंगे और बिहार को एक विकसित राज्य बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे

## बिहार की जनता विकास और स्थिरता के साथ: ओमेंद्र कसाना



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा उमेंद्र कसाना ने कहा, बिहार की जीत जनता की जीत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए ने प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज की है। यह जीत बिहार की जनता के विश्वास और समर्थन का परिणाम है। ओमेन्द्र कसाना ने कहा, बिहार की जनता ने विकास और सुशासन को चुना है। उन्होंने जंगलराज को सिरे से नकार दिया और विकास के पक्ष में वोट दिया है। हम इस जीत को विकास की जीत मानते हैं और आगे भी बिहार के विकास के लिए काम करते रहेंगे।

उन्होंने कहा, एनडीए की जीत से स्पष्ट है कि बिहार की जनता विकास और स्थिरता के साथ है। हम बिहार की जनता को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने एनडीए को अपना समर्थन दिया है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए ने बिहार में विकास की एक नई शुरूआत की है। हम आगे भी बिहार के विकास के लिए काम करते रहेंगे और बिहार को एक विकसित राज्य बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, यह जीत हमारे कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हम अपने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने इस जीत के लिए दिन-रात मेहनत की है।

## तीन तलाक देने पर विवाहिता ने सात पर एफआईआर

**गाजियाबाद(करंट क्राइम)।** मसूरी क्षेत्र की एक विवाहिता ने अपने पति और सुसराल वालों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और अतिरिक्त दहेज की मांग का गंभीर आरोप गया है। मुजफ्फरनगर कोतवाली में कोर्ट के दखल के बाद मामला दर्ज हुआ है।

मसूरी क्षेत्र की महिला की शादी 21 मार्च 2021 को नूर मौहम्मद उर्फ रिहान पुत्र गुलजार निवासी शिकारपुर भोंरा कलां मुजफ्फरनगर के साथ दान दहेज में स्विफ्ट कार व पांच लाख रुपए नगद तथा सोने चांदी के आभूषण के साथ स्त्रीधन का पूरा सामान दिया था। जिसमें उसके मां-बाप ने लगभग 30 लाख रुपये शादी में खर्च किये थे। उसकी सुसराल में पति नूर मौहम्मद उर्फ रेहान के अलावा ससुर गुलजार, सास गुलिस्ता, देवर गुलशेर व शेर मौहम्मद तथा नन्द गुड़िया व मुस्कान निवासीगण ग्राम शिकारपुर भोंरा कलां मुजफ्फरनगर ने शादी के कुछ समय बाद से विवाहिता को मामूली बातों पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि पति कमरे में बन्धक बनाकर मोबाइल में अश्लील वीडियो देखकर उसके साथ अप्राकृतिक यौन शोषण करता। आरोप है कि 25 दिसम्बर 2024 को उसके सास-ससुर पति और दोनों नन्द रिश्तेदारी में गये हुए थे। घर पर अकेली पाकर उसका देवर उसके कमरे में आकर उसको लिपट गया और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया।

### प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में पहल

## पार्षद कुसुम गोयल ने कौशांबी में किया आईजीएल पाइपलाइन का उद्घाटन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी में आईजीएल पाइपलाइन द्वारा कौशांबी स्थित केबीसी बैंक्विट हॉल को आईजीएल पाइपलाइन से गैस की सप्लाई का उद्घाटन किया। क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल तथा आईपीएल के एजीएम कपिल गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर केबीसी बैंक्विट के प्रबंधक सुनील यादव द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया।

पार्षद कुसुम गोयल ने इस कार्य के लिए सुनील यादव का आभार प्रकट किया और कहा कि बढ़ते हुए प्रदूषण को देखते हुए आज जनरेटर की जगह आईजीएल गैस का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस अवसर पर कौशांबी के तमाम जागरूक नागरिक, वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी, पप्पू चौपाल, जागरूक नागरिक एवं सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्लॉट एरिया के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश,



समाजसेवी पवन सैनी, शिक्षाविद उर्मिला अरोड़ा, व्यापारी एवं समाजसेवी मनीष जैन, वरिष्ठ पत्रकार राकेश जकेतिया, बंगाल समाज से गौतम, वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार, भाजपा नेत्री कामिनी भदोरिया, समाजसेवी श्यामवीर भदोरिया एवं समाजसेवी दिनेश यादव जी ने अपने-अपने विचार रखें।

## 75 वर्षीय वृद्ध ने गंगनहर में छलांग लगाकर की आत्महत्या

### गोताखोरों ने दो किमी. दूर बरामद किया शव



**मोदीनगर।** निवाड़ी में शुक्रवार दोपहर 75 वर्षीय वृद्ध ने गंगनहर पुल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। गोताखोरों ने दो किमी दूर वृद्ध का शव बरामद कर लिया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे प्रत्यक्षदर्शियों ने निवाड़ी गंगनहर पुल से एक बुर्जुग के छलांग लगाने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से सर्च अभियान चलाया। गोताखोरों ने घटनास्थल से लगभग दो किमी दूर पैंगा गांव के समीप अचेत अवस्था में वृद्ध को गंगनहर से बाहर निकाला। वृद्ध को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार वृद्ध की उम्र करीब 75 वर्ष है। एसीपी का कहना है कि मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## पार्किंग में खड़े कई लावारिस वाहन मालिकों को तलाशेगी पुलिस

**गाजियाबाद(करंट क्राइम)।** दिल्ली में हुए धमाके के बाद कमिश्नरेट पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों, रेलवे, बस, मेट्रो स्टेशन, एयरबेस और आयुध फैक्टरी के साथ-साथ दिल्ली जाने वाले रास्तों पर सघन चेकिंग की। पुलिस को कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नहीं मिली। एसीपी नगर कोतवाली के दोनों थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन पर बनी पार्किंग में एक दर्जन से अधिक लावारिस वाहन खड़े हैं। ये वाहन कई माह से पार्किंग में खड़े हैं। पार्किंग ठेकेदारों का कहना है कि उन्होंने नगर कोतवाली और विजयनगर पुलिस को इन संदिग्ध वाहनों की बाबत जानकारी दी थी, लेकिन पुलिस ने न तो इन्हें हटाया और न ही उनके बारे में जानकारी ली।



प्रदेश में सर्वाधिक व्यस्त रहने में सुमार गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर वाहनों की दो पार्किंग हैं। एक रेलवे लाइन के इस पार तो दूसरी उस पार। दोनों ही पार्किंग के ठेके को रेलवे ने करीब छह माह पूर्व नवीनीकरण किया है, जबकि पहले से यहां कुछ लावारिस वाहन खड़े हैं। इन वाहनों में कार, एंबुलेंस, बाइक और ऑटो व ई-रिक्शा शामिल हैं। कार और एंबुलेंस पूर्ण रूप से लॉक हैं। नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित बजरिया चौकी क्षेत्र की पार्किंग में सात से आठ वाहन लावारिस हालत में खड़े हैं। जबकि रेलवे लाइन के उस पार विजयनगर थाना क्षेत्र स्थित पार्किंग में कार, एंबूलेंस, ई-रिक्शा और अन्य वाहन लावारिस हालत में खड़े हैं।

दिल्ली में हुए धमाके के बाद भी पुलिस ने इन वाहनों की सुध नहीं ली और न ही बम स्कॉयड टीम से इनका निरीक्षण कराया। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि पार्किंग में लावारिस वाहनों की जानकारी नहीं है। वहां लावारिस वाहन खड़े हैं तो पुलिस उनके मालिकों को खोजेगी। साथ ही पार्किंग से उठाकर कब्जे में लेगी। मामले की जांच कराई जाएगी।